रोहतक, सोमवार 11 मई 2026

ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
नवमी वर्ष : 30, अंक : 96
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 45.2
न्यून. 20.6



5 भारत ने चीन को हराकर जीता स्वर्ण पदक

# निकाय चुनाव : युवाओं में कम दिखा उत्साह, बुजुर्गों ने निभाया फर्ज

## ईवीएम खराबी और फर्जी मतदान की शिकायतों के बीच शांतिपूर्ण रहा चुनाव

**चंडीगढ़ ।** प्रदेश में रविवार को सात निकायों और पंचायत की 57 सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण व व्यवस्थित माहौल में संपन्न हुआ। प्रदेश के तीन नगर निगम, एक नगर परिषद और तीन नगर पालिकाओं में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। मतदान के दौरान कुछ स्थानों से ईवीएम में तकनीकी खराबी और फर्जी मतदान की छिटपुट शिकायतें सामने आईं। चुनाव अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत कार्रवाई की, जिससे किसी भी प्रकार की तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी गई। राज्य निर्वाचन आयुक्त देवेंद्र कल्याण ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मतदाता सूचियों का सत्यापन, पात्र मतदाताओं की पहचान व संदिग्ध प्रविष्टियों की गहन जांच के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। वहीं निकाय चुनाव में युवाओं का खास उत्साह नहीं दिखा। बुजुर्गों ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।


सोनीपत में नारी शक्ति

### बोगस पालिंग की शिकायत पर दोबारा मतदान

सांपला के वॉर्ड नंबर दो में 15 महिलाओं ने बोगस पोलिंग की शिकायत की। एसडीएम अंकिता पंवार ने फार्म भरवाकर उनका दोबारा मतदान करवाया। वार्ड नंबर नौ में ईवीएम में तकनीकी खराबी के चलते 15 मिनट देरी से मतदान शुरू हुआ। शाम छह बजे शांति स्कूल में वार्ड 1,2,4, 16 के लिए बूथों के बाहर मतदाताओं की लाइन लगी रही। पुलिस ने बाहर एंट्री बंद कर दी। वहीं, झज्जर शहर के वार्ड नंबर-13 में पार्षद पद के लिए उप-चुनाव हुआ। वार्ड नंबर-13 के उप चुनाव में सुबह के समय एक युवक को फर्जी मतदान करने के आरोप में पकड़ा।

### अंबाला में भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी भिड़े

अंबाला के वार्ड नंबर आठ में वार्ड सदस्य पद पर कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी आमने सामने आ गए। कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थकों ने प्रशासन पर मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। विवाद इतना बढ़ गया कि एसपी को मोर्चा संभालने आना पड़ा। नगर निगम में भी बने केंद्र पर फर्जी डालने के आरोप लगाए गए। मतदान केंद्र पर मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं थी, ऐसे में कई लोगों को पहचान पत्र का प्रिंट निकलवाकर दोबारा लाना पड़ा। बलदेव नगर स्थित बूथ नंबर 31 में सुबह मतदान कराने में देरी हुई। लोग एक से दो घंटे तक लाइन में लगे रहे।



### युवती ने पुलिस पर लगाए दुर्व्यवहार के आरोप

**हिसार।** बूथ नंबर-5 पर 80 वर्षीय दादा का वोट डलवाने आई युवती ने पुलिसकर्मियों पर दुर्व्यवहार के आरोप लगाए। युवती ने कहा कि उन्होंने अंदर ले जाने के लिए व्हीलचेयर तक नहीं दी। युवती ने आगे कहा कि जब हम बैठने लगे तो बैठने भी नहीं दिया और कहा कि इन्हें उठाकर ले जाओ।

### रेवाड़ी में मतदान के दौरान बूथों पर हंगामा

**रेवाड़ी।** मतदान के दौरान शहर के कई बूथों पर हंगामा भी हो गया। शहर के वार्ड नंबर-4 स्थित अंबेडकर भवन के बूथ पर लोगों ने दोपहर को महिला को लेकर हंगामा कर दिया। लोगों ने आरोप लगाया कि महिला सुबह भी वोट डालकर गई थी। महिला ने हाथ दिखाया कि उसके स्याही नहीं लगी है। निर्दलीय प्रत्याशी उपासना सतीजा ने फर्जी वोट डालने के आरोप लगाए। वही वार्ड नंबर-10 के सैनी स्कूल के बूथ के बाहर भी प्रत्याशियों के समर्थकों में आपस में कहासुनी हो गई। बूथ नबंर 64 पर 20 मिनट देरी से मतदान शुरू हुआ। पोलिंग ऑफिसर भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि कंपार्टमेंट के बॉक्स का कवर टूटने से देरी से वोटिंग शुरू हुई।



### आरोप-प्रत्यारोप

**रेवाड़ी।** वार्ड नंबर-14 के राजकीय कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल के मतदान केंद्र पर एक युवक फर्जी वोट डालते हुए पकड़ा गया। कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थकों ने युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा दिया। इस दौरान काफी देर तक हंगामा भी हुआ। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशियों पर युवक से फर्जी वोट डलवाने का आरोप भी लगाया।



### दिव्यांगों की मदद

**पंचकूला।** नगर निगम चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुरक्षित तरीके से सम्पन्न करवाने के साथ-साथ पंचकूला पुलिस ने मानवीय संवेदनाओं का भी परिचय दिया। चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचे बुजुर्गों व दिव्यांगों को खुद पहुंचाया।

## खबर संक्षेप

### होटल बुकिंग के नाम पर 1.71 लाख की ठगी

**फरीदाबाद।** होटल बुकिंग के नाम पर 1.71 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में साइबर थाना सेंट्रल पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सैम खान, मोहम्मद आदिल और रोबिन निवासी जिला डीग, राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों को हथीन, पलवल से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस के अनुसार सेक्टर-85 निवासी व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसने वानप्रस्थ आश्रम की वेबसाइट पर दिए नंबर पर होटल बुकिंग के लिए संपर्क किया था। आरोपियों ने बुकिंग के नाम पर उससे दो बैंक खातों में 1.71 लाख रुपये जमा करा लिए, लेकिन न तो बुकिंग की गई और न ही पैसे लौटाए गए।

### सोमनाथ मंदिर भारतीय संस्कृति का प्रतीक



**पंचकूला।** गुजरात के ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुरुषोत्तम दास रुंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा फेज-1 स्थित पंचकूला इंडस्ट्रियल एरिया में 214वें अन्न भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक एवं समाजसेवी अमिताभ रुंगटा ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारतीय संस्कृति, आस्था और पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होना देशवासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

### कर्मचारियों की हड़ताल को महिला संगठन का समर्थन

**चंडीगढ़।** फायर ब्रिगेड और नगर पालिका कर्मचारियों की न्यायसंगत हड़ताल को जनवादी महिला समिति समर्थन देती है। जनवादी महिला समिति हरियाणा राज्य अध्यक्ष सविता और महासचिव उषा सरोहा ने जारी किया। प्रदेशभर में पिछले 33 दिनों से फायर ब्रिगेड (दमकल विभाग) के कर्मचारी और 10 दिन से नगर पालिका सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं। समिति इस हड़ताल का पुरजोर समर्थन करती है। मुख्यमंत्री से तुरंत हस्तक्षेप कर कर्मचारियों की जायज मांगें मानने की अपील करता है।

### नूंह में अलग-अलग मामलों में दो गोतस्कर गिरफ्तार

**नूंह।** जिले में गो-तस्करी और गोकशी के खिलाफ नूंह पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। शनिवार को जिले की तीन अलग-अलग पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए तीन मामले दर्ज किए। इस दौरान पुलिस ने 19 गोवंश, एक कैंटर और एक पिकअप वाहन बरामद किया, जबकि दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पांच नामजद समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किए हैं। पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने बताया कि पहले मामले में सीआईए स्टाफ नूंह के एसआई सतबीर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया। इसमें गांव सादई निवासी शौकीन, अरशद सहित अन्य पर केस दर्ज किया गया है।

# प्रदेश में बदला मौसम, आज 7 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश की संभावना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ रोहतक

**गर्मी से मिल सकती है राहत**

- पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से आया बदलाव
- राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सरकुलेशन बनने की संभावना
- सिरसा में सबसे अधिक पारा 39 .4 डिग्री पहुंचा
- 13 तक खराब बना रहेगा मौसम

प्रदेश में रविवार रात से मौसम में बदलाव होगा। नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण सोमवार से प्रदेश में फिर से वर्षा हो सकती है। दक्षिण-पश्चिमी और उत्तरी-पूर्व इलाकों में गरज-चमक के साथ 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक आंधी चल सकती है। प्रदेश में सिरसा, हिसार, फतेहाबाद, भिवानी, अंबाला, पंचकूला और यमुनानगर में इसका असर ज्यादा रहेगा। वहीं तापमान की बात करें तो हरियाणा में दिन का पारा लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को सिरसा पूरे प्रदेश में सबसे गर्म रहा, यहां तापमान 39.4 डिग्री तक पहुंच गया है। करनाल, यमुनानगर और पानीपत को छोड़कर सभी जिलों में तापमान लगभग 35 डिग्री के पार पहुंच गया है। गुरुग्राम में तापमान 36 डिग्री के आसपास चल रहा है जो सामान्य से करीब 4.5 डिग्री कम है। शुक्रवार के मुकाबले शनिवार को अधिकतम तापमान में 1.2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि- मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मदन खीचड़ ने बताया कि हरियाणा में मौसम आमतौर पर 14 मई तक परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान 10 मई रात को एक पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ों की तरफ बढ़ने और राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सरकुलेशन बनने की संभावना है। इसके आंशिक प्रभाव से 11 मई से 13 मई के दौरान हरियाणा राज्य में आंशिक बादल छाए रहने और बीच-बीच में हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान हवाओं व गरज- चमक के साथ राज्य में कहीं- कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान दिन के तापमान में ज्यादा बदलाव न होने तथा रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी होने की संभावना है। राज्य में रात का मौसम फिलहाल सुखद बना हुआ है। सबसे कम न्यूनतम तापमान रोहतक में 18.2 रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से काफी नीचे है। पूरे राज्य के औसत न्यूनतम तापमान में पिछले दिन के मुकाबले 1.8 की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, फिर भी यह सामान्य स्तर से 2.1 कम है। जहां भिवानी में रात का तापमान 25 तक पहुंचा, वहीं गुरुग्राम और सोनीपत में यह 20 के आसपास रहा।


सोनीपत। गर्मी के कारण सूना पड़ा शहर का बाजार।

### अभी गर्मी कर रही परेशान

प्रदेश में गर्मी के तेवर बढ़ते दिखाई दिए। राज्य का सर्वाधिक तापमान सिरसा में 39.4 दर्ज किया गया। औसत अधिकतम तापमान में 1.2 की वृद्धि हुई है, जो यह दर्शाता है कि गर्मी धीरे-धीरे पैर पसार रही है। हालांकि, राहत की बात यह है कि वर्तमान तापमान अब भी सामान्य औसत से 3.2 कम बना हुआ है। महेंद्रगढ़ और हिसार जैसे क्षेत्रों में भी पारा 37 के पार रहा, जबकि यमुनानगर में यह सबसे कम 32.5 रहा।

## सरमा को असम का सीएम चुने जाने पर नायब सैनी ने दी बधाई



**चंडीगढ़।** हिमंत बिस्व सरमा दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। वो 12 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। सरमा को रविवार को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और सह-पर्यवेक्षक हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में असम में एनडीए के विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने हिमंत बिस्व सरमा को मुख्यमंत्री चुने जाने पर बधाई दी।

### नांदेड़ साहिब के लिए 15 को रवाना होगी ट्रेन

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री हजूर साहिब नांदेड़, महाराष्ट्र के लिए 15 मई को सिरसा से विशेष ट्रेन रवाना होगी। प्रवक्ता ने बताया कि योजना अनुसार वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर आज 10 मई तक पंजीकरण कर सकते हैं। पात्र व्यक्ति नजदीकी सीएससी सेंटर या अपने स्मार्ट फोन से सरल हरियाणा पोर्टल पर घर बैठे इस निःशुल्क यात्रा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

### बहादुरगढ़ में प्लाइवुड फैक्ट्री में लगी भीषण आग



**बहादुरगढ़।** गांव दहकोरा स्थित सेल्सा इंटरप्राइजेज प्लाइवुड फैक्ट्री में रविवार शाम करीब अचानक आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। फैक्ट्री में फर्नीचर निर्माण का कार्य किया जाता है, जिसके चलते अंदर रखा लकड़ी व अन्य सामान आग की चपेट में आ गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। स्थानीय पुलिस भी मौके पर मौजूद रही और स्थिति पर नजर बनाए रखी। फैक्ट्री का मालिक ऋषभ दिल्ली का रहने वाला है। आग से फैक्ट्री में रखा काफी माल जलकर राख हो गया। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## निवेश के नाम पर लाखों की साइबर ठगी, खाताधारक समेत 4 गिरफ्तार

**फरीदाबाद पुलिस ने सोनीपत के चार युवकों को धर दबोचा**

**फरीदाबाद।** इंवेस्टमेंट के नाम पर 1.62 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने खाताधारक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मनीष, सचिन, रोहित निवासी पानीपत तथा रमन निवासी सोनीपत के रूप में हुई है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एनएच-5 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में शिकायत दी थी कि टेलीग्राम पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उससे संपर्क किया। आरोपियों ने खुद को एक कंपनी से जुड़ा बताकर निवेश का प्रस्ताव दिया। इसके बाद फर्जी प्रॉफिट रिपोर्ट, दस्तावेज और अधिक रिटर्न का लालच देकर उसे झांसे में ले लिया। पीड़ित ने आरोपियों द्वारा बताए गए बैंक खातों में अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 1,62,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में उसे न तो कोई रिटर्न मिला और न ही रकम वापस हुई। शिकायत के आधार पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि मनीष खाताधारक है। उसने अपना बैंक खाता सचिन को दिया, सचिन ने रोहित को और रोहित ने आगे रमन को खाता उपलब्ध कराया। संबंधित खाते में ठगी के 34 हजार रुपये आए थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें जमानत मिल गई।



# प्रधानमंत्री अंबाला में बनने वाले एशिया के सबसे बड़े शहीद स्मारक का उद्घाटन कर सकते हैं

- ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि
- दो हजार लोगों के बैठने वाली दर्शक दीर्घा बनेगी

हरिभूमि न्यूज अंबाला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही हरियाणा के अंबाला में बनने वाले एशिया के सबसे बड़े शहीद स्मारक का उद्घाटन कर सकते हैं। यह स्मारक हरियाणा के सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट माना जा रहा है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री ने शहीद स्मारक का उद्घाटन करवाया जाएगा। गौरतलब है कि अम्बाला छावनी में 1857 में आजादी की पहली लड़ाई के वीर शहीदों की याद में शहीदी स्मारक का निर्माण 700 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। शहीदी स्मारक बनकर तैयार हो चुका है जिसमें इस लड़ाई से संबंधित संपूर्ण इतिहास को विभिन्न माध्यमों से प्रदर्शित किया जाएगा। शहीदी स्मारक में 63 मीटर ऊंचा कमल के आकार का मेमोरियल टॉवर भी बनाया गया है जिसपर रात्रि के समय लाइट एंड साउंड शो प्रदर्शित किया जाएगा। मेमोरियल टॉवर के ठीक समक्ष दो हजार लोगों के बैठने वाली दर्शक दीर्घा भी होगी। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने रविवार को 1857 को आजादी की पहली लड़ाई के आरंभ होने के दिवस पर शहीदों को नमन किया है। उन्होंने कहा कि 10 मई के ही दिन 1857 में आजादी की पहली लड़ाई आरंभ हुई थी जिसमें देश भर में जगह जगह अंग्रेजों के साथ सशस्त्र संघर्ष हुआ और मां भारती के अनेकों लालों ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। मैं उन तमाम वीरों को अपने श्रद्धा सुमन प्रस्तुत करता हूं।



छिछड़ाना में गठवाला खाप के चबूतरे पर चौधरियों की बैठक

# लिव इन पर प्रतिबंध लगाए सरकार, खाप ने समलैंगिक विवाह को बताया सामाजिक बुराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

रविवार को गांव छिछड़ाना में गठवाला खाप के चबूतरे पर खाप, अठगामा व चौगामा प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में गठवाला खाप कार्यकारिणी के विस्तार करने सहित सामाजिक मुद्दों पर जमीनी स्तर पर कार्य करने का ठोस निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता गठवाला खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप मलिक ने की। कुलदीप मलिक ने कहा कि लिव इन रिलेशनशिप सामाजिक दृष्टि से उचित नहीं है। इससे सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न हो रहा है। सरकार लिव इन रिलेशनशिप पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाए। इसके साथ ही लव मैरिज में माता-पिता की सहमति अनिवार्य की जाए। समलैंगिक विवाह एक सामाजिक बुराई है। सरकार इस पर रोक लगाए। खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप मलिक ने कहा कि समाज में नशा तेजी से फैल रहा है। देश की युवा शक्ति नशे की लत से बर्बाद हो रही है। सरकार नशे पर प्रतिबंध लगाए और खेलों को बढ़ावा दे ताकि युवाओं को बर्बाद होने से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि गठवाला खाप सामाजिक मुद्दों पर जमीनी स्तर पर कार्य करेगी। बैठक में अठगामा व चौगामा अध्यक्षों को अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करके समाजहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। रामकुमार मलिक आहुलाना, बैठक में चौगामा प्रधान रिवाड़ा जगवीर मलिक, गांव भैंसवाल कलां के सरपंच संदीप मलिक, सुरेंद्र मलिक रूखी, मित्रपाल मलिक उतरप्रदेश, सेवानिवृत्त प्राचार्य कुलदीप मलिक, साहब सिंह, पूर्व सरपंच अतर सिंह व अन्य चौधरी मौजूद रहे।


गोहाना। बैठक में विचार विमर्श करते हुए गठवाला खाप के चौधरी।

रोहतक
सोमवार 11 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 30, अंक : 96
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 45.2
न्यून. 20.6

haribhoomi.com

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


**तमिलनाडु के 9वें मुख्यमंत्री बने विजय**



**शहर की सरकार चुनने निकले लोग**

- रेवाड़ी में युवक फर्जी वोट डालता पकड़ा
- कांग्रेस उम्मीदवार बोलीं-भाजपा ने 1-1 हजार रुपये बांटे
- अंबाला में कांग्रेस का हंगामा, गड़बड़ियों का आरोप लगाया
- उकलाना में बुजुर्ग को नहीं मिली व्हील चेयर
- रेवाड़ी में एक महिला पर चार बार वोट डालने का आरोप
- सोनीपत में 91 वर्षीय महिला सड़क पर गिरी, चोट लगी
- सांपला में भी महिलाओं के फर्जी वोट डालने के मामले सामने आए


### युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने निभाई भागीदारी, शांतिपूर्ण हुई वोटिंग

# छिटपुट घटनाओं के बीच सात नगर निकायों में 54.4 फीसदी मतदान

**528** पंचायती राज पदों पर उपचुनाव के लिए भी वोटिंग

**13** मई को जारी होंगे निकाय चुनाव के नतीजे

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा में 7 नगर निकायों में आम चुनाव और पंचायती राज के 528 पदों पर उपचुनाव के लिए रविवार को वोटिंग हुई। शाम 6 बजे सभी मतदान केंद्रों के गेट बंद कर दिए गए। जो लोग लाइनों में लगे थे, सिर्फ उन्हें ही बाद में वोट डालने दिया गया। चुनाव आयोग के अभी तक के आंकड़ों के मुताबिक, निकायों में 54.4 प्रतिशत वोटिंग हुई। सांपला नगर पालिका में सबसे ज्यादा 79.2 प्रतिशत वोटिंग हुई, वहीं, सोनीपत नगर निगम में सबसे कम 48 प्रतिशत वोट पड़े। इन आंकड़ों में बदलाव संभव है। वहीं, शाम को ही पंचायत उपचुनाव के नतीजे घोषित हो गए। निकाय चुनाव के परिणाम 13 मई को आएंगे। रेवाड़ी में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक युवक फर्जी वोट डालते हुए पकड़ा गया। प्रत्याशियों के हंगामे के बाद पुलिस की टीम ने युवक को हिरासत में ले लिया। युवक ने कबूल किया कि वह दीनू के कहने पर भाजपा के लिए वोट डालने आया था। अब पुलिस यह पता लगा रही है कि दीनू कौन है। इधर, धारूहेड़ा में चेयरपर्सन पद की कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी राज ने भाजपा पर पैसे बांटने के आरोप लगाए। राज ने कहा कि भाजपा वालों ने लोगों को एक-एक हजार रुपए दिए। प्रशासन के साथ मिलकर चुनाव में धांधली की जा रही है।



**दो महिला व व्यक्ति के वोट कोई और डाल गया**

सोनीपत नगर निगम चुनाव में वार्ड 17 के बूथ नंबर 165 पर फर्जी वोटिंग का मामला सामने आया है। दो महिलाओं और एक पुरुष ने आरोप लगाया कि जब वे वोट डालने पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि उनकी वोट पहले ही डाली जा चुकी है। नीरज ने बताया कि उसे सुबह और शाम दोनों बार लौटा दिया गया। ममता और विमला ने भी इसी तरह के आरोप लगाए। तीनों ने कार्रवाई की मांग की है।

**कहां कितना मतदान**

| निकाय | वोट % |
|---|---|
| पंचकूला नगर निगम | 52.2 |
| अंबाला नगर निगम | 54.4 |
| सोनीपत नगर निगम | 48 |
| रेवाड़ी नगर परिषद | 64.8 |
| धारूहेड़ा नगर पालिका | 72.4 |
| सांपला नगर पालिका | 79.2 |
| उकलाना नगर पालिका | 75.7 |



## वोटिंग के दौरान गड़बड़ियों के भी लगे आरोप

**अंबाला में कांग्रेस का हंगामा**

अंबाला में नगर निगम के बाहर कांग्रेस ने हंगामा किया। वार्ड-8 से कांग्रेस प्रत्याशी कुलजीत कौर के समर्थकों ने बताया कि सुबह से ही गड़बड़ियां शुरू हो गई थीं। एक महिला को पकड़ा गया, जिसका नाम तो वोटर लिस्ट से मेल खाता था, लेकिन पता और फोटो अलग था। उस महिला को वोट डालने से रोक दिया और अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की, लेकिन वह महिला मौके से गायब हो गई। भाजपा से जुड़े लोग पोलिंग बूथ में सरेआम फोन लेकर गए।

**पुलिस पर दुर्व्यवहार के आरोप**

उकलाना के बूथ नंबर 5 पर 80 वर्षीय दादा का वोट डलवाने आई युवती ने पुलिसकर्मियों पर दुर्व्यवहार के आरोप लगाए। युवती ने कहा कि उन्होंने अंदर ले जाने के लिए व्हीलचेयर तक नहीं दी। युवती ने आगे कहा कि जब हम बैठने लगे तो बैठने भी नहीं दिया और कहा कि इन्हें उठाकर ले जाओ। हम बुजुर्ग को कैसे लेकर जाएं? यहां इंतजाम तो होने चाहिए थे।

**रेवाड़ी : फर्जी वोटर पकड़ी**

रेवाड़ी के वार्ड नंबर 4 में कुछ लोगों ने एक महिला को घेर लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह महिला सुबह से 4 बार वोट डालकर जा चुकी है। उसकी उंगली पर स्याही का निशान भी नहीं है। वह कपड़े बदलकर बार-बार आ रही है। हंगामा बढ़ता देख अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। डीएसपी पवन भी मौके पर पहुंचे।

## 'बाहुबली' स्टाइल में ली शपथ थलापति-थलापति के नारे गूंजे

### पहला ऑर्डर 200 यूनिट फ्री बिजली का

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) चीफ और एक्टर से नेता बने सी जोसेफ विजय तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने रविवार सुबह 10.15 बजे तमिल में शपथ ली। इस दौरान राहुल गांधी भी मौजूद रहे। थलापति विजय शपथ लेते समय निर्धारित लाइनों के अलावा और बातें बोलने लगे। इस पर राज्यपाल अर्लेकर ने उन्हें टोक दिया। मुख्यमंत्री विजय के साथ 9 और मंत्रियों ने भी शपथ ली, इनमें एन आनंद, आधव अर्जुन, डॉ. केजी अरुणराज, केए संगोट्टैयन, पी वेंकटरमणन, आर निर्मलकुमार, राजमोहन, डॉ. टीके प्रभु, सेल्वी एस कीर्तना शामिल हैं। ये सभी विजय की पार्टी टीवीके के विधायक हैं। टीवीके नेता एमवी करुप्पैया को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री बनते ही विजय एक्शन में आए और दस्तावेजों का पहला सेट साइन किया। इनमें 200 यूनिट फ्री बिजली देने, महिला सुरक्षा दल और एंटी ड्रग्स स्क्वॉड बनाने के आदेश शामिल हैं।



**शपथ लेते वक्त स्पीच देने लगे तो राज्यपाल ने टोका**

**विजय के साथ 9 और मंत्रियों ने भी शपथ ली, टीवीके नेता एमवी करुप्पैया प्रोटेम स्पीकर नियुक्त**

**शपथ के दौरान ये कहा**

मैं सी. जोसेफ विजय भारत की संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखूंगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में भारत की एकता, अखंडता को बनाए रखूंगा और अपने विवेक के अनुसार कर्तव्यों और कानून का पालन करूंगा। किसी से डरूंगा नहीं और ना ही एकतरफा आदेश मानूंगा। मैं सभी लोगों के साथ न्याय करूंगा।

## केरलम में सीएम पर सस्पेंस बरकरार

केरलम में पूर्ण बहुमत पाने वाले कांग्रेस के गठबंधन ने अपने सीएम के नाम का ऐलान नहीं किया है। कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, पिछले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीशन और 6 बार के विधायक रमेश चेन्निथला यहां मुख्यमंत्री की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। 6 मई को कांग्रेस ने मुकुल वासनिक और अजय माकन को पर्यवेक्षक बनाकर केरलम भेजा था। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि हमने सभी विधायकों से बात कर ली है। दावा किया जा रहा है कि आलाकमान को सौंपी गई इस रिपोर्ट में विधायकों ने के.सी. वेणुगोपाल के नाम पर मुहर लगाई है। रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस के 63 विधायकों में 75-80% ने के.सी. वेणुगोपाल को समर्थन दिया। वेणुगोपाल के सीएम बनने पर इरिक्कूर से चुनाव जीते सनी जोसेफ अपनी सीट से इस्तीफा दे सकते हैं। *(संबंधित खबरें पेज 3 पर)*

**खबर संक्षेप**

### वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन को पश्चिमी नौसेना की कमान

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की पश्चिमी नौसैनिक कमान में एक महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन किया गया है। इसके अंतर्गत वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन को पश्चिमी नौसैनिक कमान का नया फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ नियुक्त किया गया है। वाइस एडमिरल वात्स्यायन वर्तमान में उप नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। *(पेज 6 भी देखें)*



### अब जीमेल खुद लिखेगा आपके लिए ईमेल

**नई दिल्ली।** गूगल अपने ईमेल प्लेटफॉर्म जीमेल में एआई से जुड़े बड़े बदलाव ला रहा है। कंपनी ने अपने हेल्प मी राइट फीचर को और ज्यादा स्मार्ट बना दिया है। इसे भारत सहित 180 से अधिक देशों के लिए रोल आउट कर दिया है। गूगल की तकनीक की मदद से आपको बस कुछ शब्द लिखकर निर्देश देना होगा और एआई चंद सेकंड में पूरा ईमेल तैयार कर देगा। *एजेंसी*



### 90 दिन बाद बदलेगा गैस उपभोक्ता का फोन नंबर

**नई दिल्ली।** लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की किल्लत के बीच अब उपभोक्ताओं को फोन नंबर बदलने के लिए 90 दिन इंतजार करना पड़ेगा। पेट्रोलियम कंपनियों ने पोर्टल पर फोन नंबर बदलने की प्रक्रिया स्थगित कर दी है। बायोमीट्रिक जांच के साथ ही केवाईसी होगी। नए नियम से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ेगी। *एजेंसी*



### ईरान की खुली धमकी

# अमेरिकी ठिकाने और जहाज हमारे निशाने पर



**अमेरिका को 14 पॉइंट के प्रस्ताव पर जवाब का इंतजार**

**एजेंसी ▶▶ तेहरान/वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिका और ईरान में एक बार फिर जंग जैसे हालात पैदा हो गए है। ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स यानी आईआरजीसी ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी है। आईआरजीसी के नौसेना कमांड ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि अगर फारस की खाड़ी या होर्मुज स्ट्रेट में ईरानी तेल टैंकरों और व्यापारिक जहाजों पर फिर हमला हुआ, तो अमेरिकी ठिकानों और सैन्य जहाजों पर भारी हमला किया जाएगा। इसके बाद आईआरजीसी की एयरोस्पेस फोर्स ने अलग पोस्ट में दावा किया कि हमारी मिसाइलें और ड्रोन पहले ही अमेरिकी ठिकानों और दुश्मन जहाजों पर लॉक हो चुके हैं और अब सिर्फ हमला करने के आदेश का इंतजार है। वहीं, वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने 14 पॉइंट वाला ड्राफ्ट तैयार किया है, जिस पर ईरान के जवाब का इंतजार है। राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले पत्रकारों से बाद करते हुए कहा था कि शनिवार सुबह (भारतीय समयानुसार) तक जवाब मिलने की उम्मीद है।

**ईरान ने समुद्र में बहाया 3000 बैरल तेल :** फारस की खाड़ी में ईरान के खार्ग आयरलैंड के पास बड़ा तेल रिसाव देखा गया है। अनमान है कि यह 3000 बैरल तेल ईरान ने समुद्र में छोड़ा है। तेल टैंकर फंसे होने से ईरान के पास तेल स्टोर करने की क्षमता कम पड़ गई है। इसलिए ऐसा किया गया।

### आईएसआई से जुड़े मध्यप्रदेश के तीन युवक गिरफ्तार

**मंदिर, ढाबा और हरियाणा के मिलिट्री कैंप उड़ाने की रची साजिश**

**भोपाल।** दिल्ली पुलिस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े होने का दावा करते हुए मध्यप्रदेश के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि ये लोग दिल्ली का ऐतिहासिक मंदिर, दिल्ली-सोनीपत हाईवे स्थित एक ढाबा और हरियाणा का सैन्य कैंप उड़ाने वाले थे। इनकी पहचान टीकमगढ़, नेगुवां (पृथ्वीपुर थाना) निवासी अनमोल राय (24), ग्वालियर, डबरा निवासी राजवीर (21) और विवेक बंजारा (19) के रूप में की गई है। तीनों को दिल्ली पुलिस ने उनके गांव से गिरफ्तार किया और अपने साथ ले गई।

# एल्विश से मांगी 10 करोड़ की रंगदारी लॉरेंस गैंग की धमकी, गोली मार देंगे

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** यूट्यूबर एलविश यादव से लॉरेंस गैंग ने 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। विदेशी नंबर से उन्हें धमकी भरा मैसेज भेजा गया। एलविश अभी लाफ्टर सेफ नाम का शो कर रहे हैं। शो की शूटिंग के चलते अभी एलविश अभी गुरुग्राम से बाहर है। पारिवारिक सदस्यों का कहना है कि आरोपी ने धमकी में कहा- 2 दिन में पैसे नहीं दिए गए तो गोली मार देंगे। मामले की सूचना पर सेक्टर 56 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले उनके सेक्टर 56 स्थित घर पर 17 अगस्त की सुबह 6 बजे ताबड़तोड़ फायरिंग की गई थी। आरोपियों ने एल्विश के घर पर 24 गोलियां राउंड फायरिंग की थी। मामले में दिल्ली पुलिस ने 2 शूटरों को गिरफ्तार किया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एल्विश यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि 5 मई को उनके पास विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई थी। वह उस समय कॉल रिसीव नहीं कर पाए। इसके कुछ देर बाद उन्हें विदेशी नंबर से ही एक व्हाट्सएप मैसेज आया। जिसमें धमकी भरी बातें लिखी थीं।



**विदेश नंबर से धमकी भरा मैसेज आया इससे पहले 17 अगस्त को घर पर हुई थी फायरिंग**

## किम जोंग की हत्या हुई तो नॉर्थ कोरिया करेगा परमाणु हमला



**ईरानी सुप्रीम लीडर की मौत के बाद संविधान में जोड़ा प्रावधान**

**प्योंगयांग (एजेंसी)।** उत्तर कोरिया ने अपने संविधान और परमाणु नीति में बड़ा बदलाव करते हुए नया प्रावधान जोड़ा है। अब अगर देश के सुप्रीम लीडर किम जोंग-उन की हत्या हो जाती है या किसी विदेशी हमले के दौरान वे लीडरशिप करने की हालात में नहीं रहते, तो उत्तर कोरिया तुरंत परमाणु हमला करेगा। ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, यह बदलाव मार्च में तेहरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद किया गया। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई और कई सीनियर ईरानी अधिकारियों की मौत हो गई थी। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के मुताबिक, इन हमलों ने प्योंगयांग को सोचने पर मजबूर कर दिया।

**मुख्य सचिव के पास पहुंची फाइल**

## बैंक घोटाले में 5 आईएएस अफसरों से पूछताछ कर सकती है सीबीआई

**अगले हफ्ते मंजूरी मिलने की उम्मीद, जांच को मिलेगी नई दिशा**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के चर्चित 590 करोड़ के आईडीएफसी बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक घोटाले की जांच अब बड़े प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचती दिखाई दे रही है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने इस मामले में 5 आईएएस अफसरों से पूछताछ के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-ए के तहत अनुमति मांगी है। सूत्रों के अनुसार, अनुमति से जुड़ी फाइल मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी के पास पहुंच चुकी है और सरकार अगले सप्ताह सोमवार या मंगलवार तक इस पर फैसला ले सकती है। सरकार के भीतर इस मामले को लेकर काफी हलचल है, क्योंकि अब तक कार्रवाई मुख्य रूप से वित्तीय और विभागीय अधिकारियों तक सीमित थी, लेकिन सीबीआई की ओर से वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के खिलाफ पूछताछ की अनुमति मांगना जांच को नई दिशा देता माना जा रहा है।

### मोदी ने किया आह्वान, भारत पर वैश्विक संकट का असर ज्यादा

# पेट्रोल-डीजल का प्रयोग कम करें, भारत में तेल के कुएं नहीं आज वर्क फ्रॉम होम की जरूरत, 1 वर्ष तक सोना न खरीदें

**बेंगलुरु/हैदराबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि आज के समय में पेट्रोल, गैस और डीजल का इस्तेमाल कम करना होगा। पड़ोस में चल रहे युद्ध के असर से दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। पीएम ने हैदराबाद में भाजपा की रैली में कहा- भारत पर इस वैश्विक संकट का असर ज्यादा है, हमारे पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं। आज हमें वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों की जरूरत है। जिन शहरों में मेट्रो है, वहां लोग मेट्रो का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि पहले जब युद्ध होता था लोग सोना दान में दे देते थे। आज दान की जरूरत नहीं है लेकिन हमें आज ये संकल्प लेना होगा कि अगले 1 साल तक शादी-ब्याह में भी अगर बहुत जरूरी न हो तो सोना न खरीदें। इससे विदेशी मुद्रा भी बचेगी।

**ऐसा देशहित में**

मोदी ने कहा कि आज के समय में पेट्रोल, गैस और डीजल का बड़े संयम के साथ इस्तेमाल किया जाना चाहिए। हमें इंपोर्टेड पेट्रोलियम उत्पादों का इस्तेमाल केवल आवश्यकता के अनुसार करना चाहिए। कोरोना काल में देश ने वर्क फ्रॉम होम की जो व्यवस्था विकसित की। आज समय की मांग ऐसी है कि अगर हम इन व्यवस्थाओं को फिर से शुरू करें तो यह देश के हित में साबित होगा।



**मेट्रो और कार पूलिंग अपनाएं**

नरेंद्र मोदी ने कहा कि देशहित में जरूरत पड़ने पर फिर से वर्क फ्रॉम होम, ऑनलाइन मीटिंग और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा संकट में विदेशी मुद्रा बचाने पर विशेष जोर देना होगा। मोदी ने कहा, "दुनिया में पेट्रोल-डीजल और फर्टिलाइजर की कीमतें बहुत बढ़ चुकी हैं, लेकिन हमारी सरकार पिछले दो महीनों से इसका बोझ खुद उठा रही है।"

**पीएम के कार्यक्रम स्थल से तीन किलोमीटर दूर मिलीं जिलेटिन छड़ें**

कर्नाटक के बेंगलुरु में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले सुरक्षा जांच के दौरान दो जिलेटिन छड़ें बरामद हुई हैं। अधिकारियों के मुताबिक, ये मुख्य कार्यक्रम स्थल से करीब तीन किलोमीटर दूर फुटपाथ के किनारे मिलीं। डीआईजी सेंट्रल रेंज बेंगलुरु ने बताया कि शुक्रवार सुबह प्रधानमंत्री मोदी के पहुंचने से पहले इलाके में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान दो जिलेटिन छड़ें बरामद की गईं। फिलहाल मामले की जांच जारी है और सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि छड़ें वहां कैसे पहुंचीं। अब तक किसी संदिग्ध की गिरफ्तारी या किसी साजिश की पुष्टि नहीं हुई है।




## खबर संक्षेप



कैथल। पाई की शिवानी को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### अमेरिका में शोध करेगी पाई की बेटी शिवानी

**कैथल।** जिले के गांव पाई की होनहार छात्रा शिवानी, पुत्री सुरेंद्र शर्मा भाना, का चयन अमेरिका की टेक्सास यूनिवर्सिटी में पीएचडी केमिस्ट्री में शोध कार्य के लिए हुआ है। विश्वविद्यालय ने उन्हें स्कॉलरशिप भी प्रदान की है। शिवानी अब अमेरिका में बतौर शोधार्थी कार्य करेंगी और आगे चलकर वहीं प्रोफेसर के रूप में सेवाएं देने की संभावना है। शिवानी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्रीन वैली स्कूल, पाई से प्राप्त की और इसके बाद उन्होंने केमिस्ट्री में स्नातक की पढ़ाई आईआईटी बॉम्बे से पूरी की। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल प्रशासन और ग्रामीणों में खुशी की लहर है।ग्रीन वैली स्कूल ने शिवानी की सफलता पर गर्व जताते हुए क्षेत्रवासियों को बधाई दी है।

### फर्जी रसीद से टेनिस कोर्ट ठेका, काम अधूरा

**यमुनानगर।** थाना सदर यमुनानगर क्षेत्र में टेनिस कोर्ट निर्माण के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि ठेकेदार ने थर्मल कॉलोनी में टेनिस कोर्ट बनाने का ठेका लिया, लेकिन करीब एक साल बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं किया। जांच में यह भी सामने आया कि जमा कराई गई सिक्योरिटी राशि की रसीद फर्जी थी। शिकायत के अनुसार, एक्सईएन सचिन कुमार ने बताया कि यह ठेका करनाल निवासी मनीत रोडिया को दिया गया था। ठेकेदार ने 20 अगस्त 2024 से 30 अगस्त 2025 के बीच काम पूरा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी कार्य अधूरा पड़ा रहा। लापरवाही के चलते ठेका रद्द कर दिया गया।

## नरवाना में व्यापारी से हर महीने एक लाख रुपये की मंथली मांगने पर दबोचे

# रंगदारी मांगने वाले 5 बदमाशों को गंजा कर बाजार में घुमाया

**वारदात में इस्तेमाल कार बरामद, मुख्य आरोपी अमरजीत पुलिस रिमांड पर**

- सीआईए ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कुछ ही घंटों में आरोपियों को पकड़ा
- बाजार में आरोपियों का जुलूस निकाल पुलिस ने अपराधियों को दिया सख्त संदेश
- चार आरोपियों को कोर्ट ने भेजा जेल एक से पुलिस कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर थाना नरवाना पुलिस ने व्यापारी को शनिवार रात डरा कर हर माह एक लाख रुपये की चौथ मांगने के पांचों आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान गांव काब्रच्छा निवासी अमरजीत, प्रवेश, मयंक, राहुल तथा सचिन के रूप में हुई है। रविवार को पांचों आरोपितों को गंजा कर बाजार में घुमाया गया ताकि लोगों में भय का माहौल न रहे। बाकायदा आरोपितों को दुकान पर ले जाकर शिनाख्त भी करवाई गई। शहर थाना नरवाना प्रभारी पूर्ण दास ने बताया कि मॉडल टाउन नरवाना निवासी व्यापारी नरेश जैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि शनिवार को कुछ युवक उनकी दुकान पर आए। पहले दो युवकों ने स्वयं को गांव काब्रच्छा निवासी मयंक व सचिन बताते हुए कहा कि उनका बॉस उनसे अकेले में बात करना चाहता है। इसके बाद अन्य युवक दुकान में आए। जिनमें अमरजीत ने स्वयं को हाल ही में जेल से बाहर आया बताया और शिकायतकर्ता को धमकाते हुए कहा कि भविष्य में सुरक्षा के नाम पर उसे हर महीने एक लाख रुपये देने होंगे। अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। आरोपित जाते समय दोबारा फोन कर पैसे मांगने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने व्यापारी नरेश जैन की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। सीआईए स्टाफ नरवाना के प्रभारी उप निरीक्षक सुखदेव सिंह की टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए तकनीकी साक्ष्य व अन्य सुरागों के आधार पर सभी नामजद आरोपितों को काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली है। पुलिस द्वारा आरोपित राहुल, सचिन, मयंक व प्रवेश को अदालत में पेश कर जिला जेल भेज दिया है जबकि मुख्य आरोपित अमरजीत का पुलिस रिमांड हासिल करके आगामी कार्रवाई नियमानुसार अमल में लाई जा रही है।



जींद। आरोपितों को गंजा कर बाजार में घुमाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

**असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा**

किसी भी व्यापारी, दुकानदार आदि को किसी से डरने की जरूरत नही है। किसी भी प्रकार की रंगदारी, धमकी या असामाजिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। जिला पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।
-कुलदीप सिंह पुलिस अधीक्षक



रेवाड़ी। मृतक जवान धीरज यादव को अंतिम सलामी देती कोसली पुलिस की टुकड़ी। फोटो : हरिभूमि

# सेना में एलडीसी का हार्ट अटैक से निधन

**राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

सेना के बीआरओ की जीआरईएफ शाखा में एलडीसी के पद पर कार्यरत कोसली निवासी धीरज यादव का हृदयाघात से निधन हो गया। धीरज शनिवार को छुट्टी पर घर आए थे। अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें रेवाड़ी के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां रात को उनका निधन हो गया। रविवार को उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और आसपास के लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कोसली पुलिस की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर दिवंगत धीरज यादव को अंतिम सलामी दी। प्रिंसिपल अनूप सिंह ने धीरज यादव के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किया। परिजनों ने बताया कि धीरज यादव वर्ष 2013 में जीआरईएफ (बीआरओ) में एलडीसी पद पर भर्ती हुए थे। वर्तमान में वे उत्तराखंड में तैनात थे। वह शनिवार को 15 दिनों की छुट्टी लेकर घर पहुंचे थे। 38 वर्षीय धीरज यादव अपने पीछे माता, पत्नी, एक बेटा और एक बेटी छोड़ कर गए हैं। उनके निधन से गांव में शोक की लहर है। अंतिम संस्कार में ब्लॉक समिति के पूर्व उप चेयरमैन विजय आजाद, सरपंच रामकिशन, अनिल भारद्वाज, रामफल कोसलिया व ओमप्रकाश डाबला सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद थे।

# पॉलिटेक्निक छात्र ने जहर निगला, इलाज के दौरान मौत

- शुगर बीमारी से परेशान 20 वर्षीय छात्र ने उठाया कदम
- गेहूं में रखने वाली दवा लेकर बाड़े में गया था बेटा : पिता

**कुरुक्षेत्र।** प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई। 20 वर्षीय पॉलिटेक्निक छात्र ने जहर निगलकर सुसाइड कर लिया। छात्र को 5 साल से शुगर की बीमारी थी। वो बार-बार इंसुलिन के इंजेक्शन लगवाकर परेशान था। शनिवार दोपहर सवा 12 बजे वो घर से बाहर आया और कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे पहले सरकारी और फिर कुरुक्षेत्र के पुराने बस स्टैंड के समीप स्थित प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान करनाल के निगदु के रहने वाले तनुज पाल के रूप में हुई है। तनुज पाल नीलोखेड़ी पॉलिटेक्निक में सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने तनुज के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिवार के हवाले कर दिया। बेटे की मौत से घर में मातम पसरा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार दोपहर 12 बजे के करीब तनुज पाल अपने घर पर मौजूद था। कुछ देर बाद घर से बाहर अपने बाड़े में चला गया था। करीब दो घंटे बाद लौटा तो उसने पानी पिया। कुछ देर बाद उसे उल्टियां होने लगीं। उसकी हालत बिगड़ती देख परिवार उसे तुरंत सीएचसी निगदु लेकर पहुंचा। तनुज पाल की हालत गंभीर होने पर उसे परिवार कुरुक्षेत्र के प्राइवेट अस्पताल लेकर आया। यहां भी उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ और इलाज के दौरान तनुज पाल ने दम तोड़ दिया। उधर, पिता नितिन कुमार का कहना है कि बेटे ने गेहूं में रखने वाली दवा खाई है। दवा घर से लेकर बाड़े में गया था, जहां इसने दवा निगल ली।

**जीद में झाड़ियों से शव बरामद**

# कुत्तों ने नोच खाया शव गली सड़ी हालात में बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव लोहचब राजकीय स्कूल के पिछवाड़े झाड़ियों में व्यक्ति का गला सड़ा शव बरामद होने से हड़कंप मच गया। मृतक के हाथ, पांव तथा चेहरे व अन्य कुछ हिस्सों को कुत्तों ने नोच खाया था। शव लगभग 15 दिन पुराना है। शिनाख्त न होने के कारण शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। व्यक्ति की मौत कैसे हुई इसका खुलासा पोस्टमार्टम होने के बाद हो पाएगा। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव लोहचब राजकीय स्कूल के ग्राउंड में रविवार को बच्चे किक्रेट खेल रहे थे। गेंद स्कूल की दीवार से पार चली गई। जब बच्चे गेंद लेने के लिए दीवार फांद कर झाड़ियों की तरफ गए तो उन्हें व्यक्ति का गला सड़ा शव दिखाई दिया। जिसके हाथ पांव कुछ हिस्से तथा मांस गायब था। चेहरा भी पूरी तरह विकृत हो चुका था। जिससे साफ था कि शव को कुत्तों ने नोच खाया है। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गई और हालातों को जायजा लिया। मृतक ने चैकदार शर्ट तथा काली पेंट पहनी हुई थी। पुलिस ने ग्रामीणों को बुला कर शिनाख्त करवाने की कोशिश भी कि लेकिन शिनाख्त नही हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल के शव गृह में शिनाख्त के लिए रखवाया है। पोस्टमार्टम के होने के बाद मौत के कारणो का पता चल पाएगा। जिस स्थान पर झाड़ियों के बीच व्यक्ति का गला सड़ा शव बरामद हुआ है, उस स्थान पर नशे के अवशेष पड़े हुए थे।

## पानीपत में वारदात, दावा-बहू पीटती तो बेटा बचाता नहीं था

# बहू के जुल्मों से तंग आकर सास-ससुर ने किया सुसाइड, सल्फास निगला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- घर में मॉडर्न वस्त्र पहनी थी और रील बनाती थी, कोई कहना भी नहीं मानती

पानीपत के गांव नारा में मॉडर्न पुत्रवधु की जुल्मों से परेशान होकर सुसर 46 वर्षीय राजेश व सास 44 सुमन ने सल्फास खा कर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि राजेश व सुमन के इकलौते पुत्र आशीष ने दिल्ली निवासी स्नेहा के साथ प्रेम विवाह किया था। वहीं, आशीष अपनी पत्नी स्नेहा के साथ मां सुमन व पिता राजेश के साथ गांव में ही अपने घर में रह रहा था। इधर, स्नेहा दिल्ली का मॉडर्न जीवन जीने की आदी थी। वह घर में मॉडर्न वस्त्र पहनी थी, रिल बनाती थी। जबकि सास सुमन व सुसर राजेश चाहते थे कि स्नेहा ग्रामीण अंचल की मानमर्यादा का पालन करें। वहीं, बहु स्नेहा ने मॉडर्न लाइप स्टाइल नहीं छोड़ी, जबकि टोकाटाकी करने पर आशीष भी अपनी पत्नी स्नेहा का ही पक्ष लेता था। स्नेहा के मॉडर्न जीवन शैली व पुत्र आशीष द्वारा मां सुमन व पिता राजेश की अनदेखी के चलते घर में कलह रहने लगी। इधर, परिजनों का आरोप है कि आशीष व स्नेहा, सुमन व राजेश के साथ मारपीट भी करते थे। घटना वाले दिन स्नेहा के मायके वाले भी उसकी सुसराल आए थे और मायके वालों का सुमन व राजेश के साथ विवाद हुआ था। दूसरी ओर, घर में कलह के चलते सुमन व राजेश मानसिक रूप से परेशान रहने लगे। वहीं, दोनों ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने का निर्णय लिया और सल्फास की गोलियां खा ली। सुमन की मौत पानीपत के अस्पताल में और राजेश की मौत पीजीआई रोहतक में हुई। सुमन व राजेश का गांव नारा की शमशान भूमि में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक राजेश के भाई रमेश की शिकायत पर पुत्रवधू स्नेहा, उसके पिता व माता पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है।



पानीपत। मृतक राजेश व सुमन। फोटो : हरिभूमि

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

जल ही जीवन है

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## मातृ दिवस पर हिसार के राधास्वामी आश्रम में कंवर साहेब ने साध संगत के समक्ष सत्संग फरमाए

# मां परमात्मा से बढ़कर, सम्मान जीवनभर करें

- मां जीवन देने वाली और दुखों का नाश करने वाली शक्ति
- बाप को वृद्धाश्रम छोड़ने वालों पर जताई नाराजगी, कहा, ऐसा करने वाले धिक्कार के पात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

एक ऐसा इंसान जिसे कभी भी जो भुलाया नहीं जा सकता, हमारा रोम रोम उस इंसान का ऋणी होता है, वो इंसान हमारी मां है। मां हमें जीवन देने वाली है, वो ही हमारा पालन करने वाली है और वही हमारे समस्त दुखों का नाश करने वाली है। यानि वो मां ही है जिसमें तीनो शक्तियां हर समय विद्यमान रहती हैं। फिर ऐसी शक्ति को हम एक दिन में क्यों बांधे एक ही दिन क्यों स्मरण करें। मां परमात्मा से बढ़कर है इसलिए सदैव स्मरणीय है।

यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब जी महाराज ने हिसार के कैमरी रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में साध संगत के समक्ष फ़रमाये। हुजूर कंवर साहेब जी ने मातृ दिवस पर साध संगत को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मंदिर मस्जिद तीर्थ गंगा सारे धाम मां के चरणों में हैं। हमारी संस्कृति में तो मां का दर्जा सबसे ऊंचा था लेकिन आज हमने उसको कितना समेट दिया।याद करना तो दूर की बात आज तो मां को घर में रहने के लाले पड़ गए। उस घर में जो उसी ने अपने खून पसीने से बनाया था। लानत है उस इंसान को जो अपने मां बाप को वृद्धाश्रम छोड़ के आते हैं।



हिसार। सत्संग के दौरान श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुजूर कंवर साहेब। फोटो : हरिभूमि

**जिस घर में मां-बाप सुखी नहीं है वो घर नरक**

बेशक किसी मंदिर, मस्जिद, तीर्थ धाम मत जाओ, किसी सत्संग में मत जाओ लेकिन मां का मान करना सीख लो। जिस घर में मां बाप सुखी नहीं है वो घर नरक से ज्यादा कष्टकारी और दुखदायी है। रोटी कपड़ा और मकान ये इंसान की तीन मूलभूत आवश्यकत्याएं हैं जिन्हें वो अपनी मेहनत के दम पर हासिल करता है लेकिन हैरानी इस बात की कि इनको हासिल कर के भी इंसान सुखी और शांत नहीं है। कारण ज्ञान का ना होना।


**मन की कल्पनाओ को काबू में करना सीखो**

गुरु महाराज जी ने कहा कि मन की कल्पनाओ को काबू में करना सीखो क्योंकि कामनाओ का और कल्पनाओ का कोई अंत नहीं है। मन बंधेगा नाम की डोर से और ये डोर मिलती है संत सतगुरु की शरण से। गुरु के ज्ञान के बिना यथार्थ नहीं मिलता। गुरु कदम कदम पर हमारी कांट छांट करता है। किताबी ज्ञान नहीं अनुभव ज्ञान काम आयेगा और गुरु से बढ़कर अनुभवी कौन है।

### शहीद सूबेदार के बेटे को कनाडा भेजने के नाम पर 6.5 लाख की ठगी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के गांव हिंगाखेड़ी निवासी बलजीत सिंह से कनाडा भेजने के नाम पर उसके रिश्तेदार ने करीब साढ़े 6 लाख रुपये की ठगी कर ली। बलजीत ने थाना झांसा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता कर्मजीत सिंह आर्मी में सूबेदार थे और जून 2022 में देश सेवा के दौरान शहीद हो गए थे। पिता की मौत के बाद परिवार की जिम्मेदारी उस पर आ गई। वह अपने छोटे भाई इंद्रजीत सिंह को विदेश भेजना चाहता था। इसी दौरान उसकी ताई का भांजा अमानत सिंह उनके घर आया और खुद को विदेश मंत्रालय से जुड़ा अधिकारी बताते हुए कनाडा में दो साल का वर्क परमिट दिलाने का भरोसा दिया। आरोपी ने वीजा, मेडिकल, एंबेसी फीस और फाइल प्रोसेस के नाम पर अलग-अलग समय पर करीब साढ़े 6 लाख रुपये ले लिए। न वीजा मिला और न ही पैसे लौटाए गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शब्द पहेली - 6222




**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य, ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

**शब्द पहेली- 6221 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | ■ | म | त | वा | ला |
| ह | य | ■ | त | ■ | का | म | ना | ■ | दा | वा |
| न | ■ | बे | र | ह | म | ■ | ना | य | ■ | रि |
| शी | ल | वा | न | ■ | या | द | ■ | नी | र | स |
| ल | ■ | प | ■ | ख | ब | र | ची | ■ | न | ■ |
| ता | र | न | हा | र | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | म | ■ | र | ह | ब | र | ■ | यं | ■ | प |
| प्र | ण | य | ■ | य | हु | ■ | ब | क | वा | स |
| ति | ■ | दा | स | ■ | बे | क | रा | र | ■ | न्द |
| का | न | ■ | चि | रा | ग | ■ | म | ■ | क | हो |
| र | म | जा | न | ■ | म | द | द | क | र | ना |



# केरल कांग्रेस (एम) को विलय के लिए ईमानदारीपूर्वक आमंत्रित किया था: जोसेफ

भाषा ▸▸ इडुक्की (केरल)

केरल कांग्रेस (जे) के नेता ए. जॉन जोसेफ ने रविवार को कहा कि केरल कांग्रेस (एम) गुट को वापस आने के लिए ईमानदारीपूर्वक आमंत्रित किया गया है। संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) में शामिल केरल कांग्रेस (जोसेफ) गुट



ने विधानसभा चुनाव में सात सीट जीतीं, जबकि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) में शामिल केरल कांग्रेस (मणि) कोई भी सीट नहीं जीत सकी। पार्टी अध्यक्ष पी जे जोसेफ और ए. जॉन जोसेफ ने पहले ही कहा था कि अगर केरल कांग्रेस (एम) गुट वापस आया तो उसका खुले दिल से स्वागत किया जाएगा। केरल कांग्रेस (एम) के अध्यक्ष जोस के. मणि ने हालांकि आरोप लगाया कि उनकी पार्टी और उसके नेताओं को अपमानजनक तरीके से आमंत्रित किया गया था। जोसेफ ने कहा कि उन्होंने मणि गुट को वापस आने के लिए ईमानदारीपूर्वक आमंत्रित किया था।

### सीएम पद को लेकर कांग्रेस के भीतर गहन चर्चा

## वेणुगोपाल को निशाना बनाने वाली 'फर्जी पोस्टों' को लेकर केसी जोसेफ ने एआईसीसी से शिकायत की

केरल के मुख्यमंत्री पद को लेकर पार्टी के भीतर चल रही खींचतान के बीच, वरिष्ठ कांग्रेस नेता केसी जोसेफ ने पार्टी नेता केसी वेणुगोपाल को निशाना बनाते हुए उनके नाम



से कथित फर्जी फेसबुक पोस्ट प्रसारित किए जाने के संबंध में एआईसीसी से शिकायत की है। पूर्व मंत्री ने उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, जिन पर आरोप है कि वे उनके नाम से फर्जी सोशल मीडिया पोस्ट फैला रहे हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब मुख्यमंत्री पद को लेकर कांग्रेस के भीतर गहन चर्चा चल रही है और सतीशान, चेन्निथला और वेणुगोपाल प्रमुख दावेदारों में हैं। इसी तरह के फर्जी पोस्ट कई अन्य कांग्रेस नेताओं के नाम पर भी उनकी जानकारी के बिना प्रसारित किए जा रहे थे। इसके पीछे जो भी हो, यह केवल तुच्छता है।

# केरल सीएम पर हाईकमान का फैसला कार्यकर्ता मानें

■ मुख्यमंत्री पद को लेकर मौजूदा बहस पर कांग्रेस नेता के. मुरलीधरन ने की टिप्पणी



भाषा ▸▸ तिरुवनंतपुरम

कांग्रेस नेता के. मुरलीधरन ने रविवार को कहा कि केरल के अगले मुख्यमंत्री के चयन के संबंध में पार्टी कार्यकर्ताओं को आलाकमान का फैसला स्वीकार करना होगा।

वह चुनाव में कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की जीत के बाद पार्टी के भीतर नेतृत्व मुद्दे पर हो रही चर्चा के बीच यहां पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। मुरलीधरन ने कहा कि मुख्यमंत्री पद को लेकर मौजूदा बहस ने यूडीएफ की जीत को प्रभावित नहीं किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी में यह आम बात है। फैसला आने दीजिए। नेतृत्व के फैसले को स्वीकार करना हर कांग्रेस कार्यकर्ता का दायित्व है।" कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वी. डी. सतीशन, के. सी. वेणुगोपाल और रमेश चेन्निथला को मुख्यमंत्री पद के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है, जबकि अंतिम निर्णय नवनिर्वाचित 63 कांग्रेस विधायकों द्वारा पारित प्रस्ताव के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा लिया जाएगा। पार्टी अध्यक्ष व वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को सतीशन, वेणुगोपाल तथा चेन्निथला से मुलाकात की।

# हिमंता बनेंगे असम के सीएम, कल लेंगे शपथ, राज्यपाल ने भेजा न्योता

भाषा ▸▸ गुवाहाटी

असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को राज्य में अगली सरकार बनाने का रविवार को निमंत्रण दिया। एक बयान में यह जानकारी दी गई है। आम राय से भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सरमा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं के साथ लोक भवन में आचार्य से मुलाकात की और सरकार के गठन का दावा पेश किया। लोक भवन ने बयान में कहा कि राज्यपाल ने हिमंता बिस्वा सरमा को असम में नयी सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है। आचार्य 12 मई को सरमा को मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह खानापाड़ा में स्थित वेटेरिनरी कॉलेज प्लेग्राउंड में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मोदी, शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और अन्य शामिल हो सकते हैं।

### हिमंता बिस्वा सरमा राजग नेता चुने गए



केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने रविवार को ऐलान किया कि हिमंता बिस्वा सरमा को असम में भाजपा-नीत राजग के विधायक दल का नेता सर्वसम्मति से चुन लिया गया है। यह असम में लगातार तीसरी राजग सरकार होगी। भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पहली बार 2016 में सत्ता में आई थी, जिसकी बागडोर सर्वानंद सोनोवाल के हाथ में थी। नड्डा ने कहा कि निवर्तमान सरकार के मंत्रियों- रंजीत कुमार दास, अजंता नेओग, अशोक सिंघल और पीयूष हजारिका समेत भाजपा के आठ विधायकों ने शर्मा के नाम पर प्रस्ताव रखा। गठबंधन के सहयोगी दलों- असम गण परिषद (अगप) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) ने भी उनके नाम का समर्थन किया। पहले सुबह भाजपा विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें बाद में गठबंधन के सहयोगी दल भी शामिल हो गए।

## खबर संक्षेप

### शाह ने किया सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दो पुस्तकों का विमोचन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दो पुस्तकों 'द बेंच, द बार, एंड द बिजार' और 'द लॉफुल एंड द ऑफुल' के लॉन्च कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान अमित शाह ने भारतीय लोकतंत्र की मजबूती, संविधान की यात्रा और डिजिटल दौर में न्याय व्यवस्था के सामने आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से अपनी बात रखी। शाह ने कहा कि मदर्स डे के दिन किताब का लॉन्च होना बेहद खास है।

### एक और प्रसूता की मौत और 2 की किडनी फेल

**कोटा।** राजस्थान के कोटा जिले में न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद दो



प्रसूताओं की मौत और चार महिलाओं की तबीयत बिगड़ने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब संभाग के सबसे बड़े जेके लोन अस्पताल से भी गंभीर मामला सामने आया है। प्रसूता की सिजेरियन के बाद मौत हो गई।

### एअर इंडिया में 3 साल में 1000 कर्मियों की छुट्टी

**मुंबई।** यहां एअर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि पिछले तीन



वर्षों में कंपनी ने 1000 से अधिक कर्मचारियों को नैतिक उल्लंघन के मामलों में नौकरी से हटाया है। यह कार्रवाई नियमों का उल्लंघन, गलत तरीके से सुविधाओं का उपयोग और विमानन सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर की गई है।

### गंगा एक्सप्रेसवे पर हादसा, तीन की मौत

**हापुड़।** उप्र के हापुड़ जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में 8 माह के मासूम



और 2महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।हापुड़ जिले के बहादुरगढ़ थाना इलाके में रविवार तड़के गंगा एक्सप्रेसवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में 2 महिलाओं और मासूम की मौत हो गई।

## पीएम मोदी ने तेलंगाना में 9,400 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास किया

# कांग्रेस ने डीएमके की पीठ में छुरा घोंपा, सत्ता बदलते ही मारी पलटी

जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर किया बड़ा हमला

### बेंगलुरु से पीएम मोदी पहुंचे तेलंगाना और कांग्रेस पर साधा निशाना



एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

बेंगलुरु से पीएम तेलंगाना पहुंचे। यहां हैदराबाद में उन्होंने 9,400 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। शाम को पीएम गुजरात जाएंगे, रविवार रात को जामनगर में रुकेंगे। 11 मई को सुबह करीब 10.15 बजे सोमनाथ मंदिर में 'सोमनाथ अमृत महोत्सव' में शामिल होंगे। बाद में वे वडोदरा में सरदारधाम हॉस्टल' का उद्घाटन करेंगे। यहां एक जनसभा को संबोधित करेंगे। पीएम ने बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में नव-निर्मित मंदिर में पूजा की।यहां पर पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और डीएमके के बीच पिछले 25-30 साल से करीबी संबंध रहे हैं। डीएमके ने कई बार कांग्रेस को संकट से बाहर निकाला। 2014 से पहले केंद्र में 10 साल तक चली कांग्रेस सरकार भीडीएमके के समर्थन की वजह से ही टिकी रही। डीएमके ने हर समय कांग्रेस के हित में काम किया, लेकिन जैसे ही सत्ता का समीकरण बदला, कांग्रेस ने डीएमके की पीठ में छुरा घोंप दिया।

### तेलंगाना में 50 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं पर काम चल रहा

पीएम मोदी ने कहा कि संयुक्त आंध्र के समय रेलवे का बजट 1000 करोड़ से भी कम था। आज सिर्फ तेलंगाना का रेलवे बजट ही करीब 5,500 करोड़ का है। राज्य में इस समय लगभग 50 हजार करोड़ की रेलवे परियोजनाओं पर काम चल रहा है।



**साइबराबाद देश के तेज विकास का बड़ा केंद्र**

हैदराबाद में पीएम मोदी ने कहा कि साइबराबाद का सामर्थ राष्ट्रीय भी है और ग्लोबल भी है। यह तेलंगाना और देश के तेज विकास का बड़ा केंद्र है। इसलिए यहां तेलंगाना को बड़ा मैन्युफैक्चरिंग पावरहाउस बनाने के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट शुरू किए जा रहे हैं।

**मोदी को खास भेंट**



**हैदराबाद में बड़ा संदेश**

### विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और आधारशिला रखी



पीएम मोदी ने हैदराबाद में लगभग 9,400 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में कार्यक्रम हुआ।

**पीएम ने मेगा टेक्सटाइल पार्क का भी उद्घाटन किया:** हैदराबाद-पणजी आर्थिक गलियारे के अंतर्गत गुडेबेल्लूर से महबूबनगर तक राष्ट्रीय राजमार्ग-167 को 4 लेन में विकसित करना प्रमुख है। मेगा टेक्सटाइल पार्क का उद्घाटन किया।

### बंगाल के नतीजों ने देशभर के लोगों को राहत दी है: प्रधानमंत्री

**जामनगर (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल चुनाव परिणाम ने पूरे देश के लोगों को राहत दी है, जिसका मतलब है कि राज्य के लोगों को पीड़ा बहुत अधिक थी। पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसके परिणाम चार मई को घोषित किए गए। गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचने के बाद एक अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी चुनाव का ऐसा प्रभाव शायद ही कभी महसूस किया गया हो।

**आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर ऐतिहासिक क्षण आया सामने**

### आर्ट ऑफ लिविंग में ध्यान मंदिर का उद्घाटन किया

आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना, जब प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी जी ने गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी के साथ आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के 45 वर्ष पूर्ण होने और इसके संस्थापक के 70वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में सहभागिता की। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूर्ण होने पर ध्यान मंदिर का उद्घाटन किया। मध्यप्रदेश से हजारों साधक ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बनने बेंगलुरु पहुंचे।

**राहुल-'थलापति' की दोस्ती रंग लाई**

## 17 साल पुरानी 'सीक्रेट' मुलाकात और एक फोन कॉल ने बदली सियासत



■ राहुल ने दिया था 'यूथ कांग्रेस चीफ' का ऑफर

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में जब किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। जनादेश में किसी को भी बहुमत नहीं मिला, तो सबको लगा कि राज्य में गहरा राजनीतिक संकट खड़ा हो जाएगा। 'थलापति' विजय की पार्टी तमिझगा वेत्री कड़गम (टीवीके) को बिना किसी झिझक के कांग्रेस का समर्थन मिल गया। गौरतलब है कि तमिलनाडु में आए खंडित जनादेश के बाद तमिझगा वेत्री कड़गम (टीवीके) और कांग्रेस का गठबंधन रातों-रात नहीं हुआ है। इसके पीछे राहुल गांधी और 'थलापति' विजय की 17 साल पुरानी गहरी दोस्ती है। 2009 में जब विजय सुपरस्टार बन रहे थे और राहुल राजनीति में नए थे, तब दोनों की पहली मुलाकात हुई थी। उस समय राहुल ने विजय को यूथ कांग्रेस चीफ का ऑफर भी दिया था। हालांकि तब विजय राजनीति में नहीं आए, लेकिन दोनों हमेशा संपर्क में रहे। चुनाव नतीजों के बाद इसी पुरानी 'केमिस्ट्री' ने दोनों पार्टियों को एक मंच पर ला खड़ा किया और तमिलनाडु में नई सरकार का रास्ता साफ हुआ।

### योगी कैबिनेट में 6 नए चेहरे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्रिपरिषद का रविवार को विस्तार हुआ है। भूपेंद्र चौधरी और मनोज पांडे कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं। सोमेंद्र तोमर और अजीत पाल सिंह को स्वतंत्र प्रभार



का राज्य मंत्री बनाया गया। कैलाश राजपूत, कृष्णा पासवान, सुरेंद्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा को राज्य मंत्री बनाया गया। नए चेहरों में 2 राज्य मंत्रियों को प्रमोशन देकर स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। रउत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने भूपेंद्र सिंह चौधरी, मनोज पांडेय, कृष्णा पासवान, कैलाश सिंह राजपूत, सुरेंद्र दिलेर और हंसराज विश्वकर्मा को मंत्री पद की शपथ दिलाई। यूपी कैबिनेट में छह मंत्री बने, दो का प्रमोशन हुआ है।

**राजस्थान में खुलासे से हड़कंप**

## 60 लाख में बिका कृषि विज्ञान का पेपर, गिरोह के 3 गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ जयपुर

राजस्थान में वर्ष 2022 की प्राध्यापक/स्कूल व्याख्याता (कृषि विज्ञान) भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने बड़ा खुलासा करते हुए तत्कालीन आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। संगठित गिरोह ने फर्जी डिग्री, बैकडेट मार्कशीट और लीक प्रश्नपत्रों के जरिए अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी दिलाने का खेल रचा था। एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि



**अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी दिलाने का खेल रचा था**

ओपीजेएस विवि से बैकडेट में बीएड और एमएससी एग्रीकल्चर की फर्जी मार्कशीट तैयार कर अभ्यर्थियों को भर्ती कराया गया। प्रक्रिया में अवैध लाभ पहुंचाया गया। इस मामले में 5 मार्च 2026 को एसओजी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

**पश्चिम बंगाल में बड़ा फेरबदल**

## शुभेंदु ने किया शांतनु समेत कई अधिकारियों को इधर-उधर

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में नवगठित शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली भाजपा



सरकार में आने वाले महीनों में पुलिस और प्रशासनिक ढांचे में बड़े स्तर पर फेरबदल किया है। शपथ के 24 घंटे के अंदर राज्य सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय की नौकरशाही संरचना में व्यापक बदलाव किए हैं। पूर्व सीएम ममता बेनर्जी के नेतृत्व वाले पूर्व केंद्रीय कार्यालय से जुड़े 16 नौकरशाहों को बदल दिया गया है। पूर्व अधिकारियों में सबसे प्रमुख नाम 2014 बैच के आईएएस शांतनु मुखोपाध्याय का है। टीएमसी से संबद्ध सरकारी कर्मचारी संघ के शीर्ष नेता व केंद्रीय कार्यालय में तैनात प्रताप नायक का तबादला दार्जिलिंग में किया है। जिले के बिजनबारी स्थित पालबाजार ब्लॉक विकास कार्यालय में कर दिया गया है। 46 अधिकारियों को अस्थायी रूप से राज्य कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग में तैनात किया गया है।

### टीएमसी नेता ने आईपीएस अजय पाल से मांगी माफी

**नई दिल्ली।** टीएमसी के निलंबित प्रवक्ता रिजू दत्ता ने आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा के खिलाफ की गई टिप्पणी पर सार्वजनिक रूप से बिना शर्त माफी मांग ली है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर रिजू ने स्पष्ट किया कि उनकी टिप्पणी व्यक्तिगत नहीं



थी, बल्कि पार्टी लाइन के तहत दी गई थी। उन्होंने राष्ट्रीय प्रवक्ता के तौर पर वह वीडियो बनाया था, जिसे आधिकारिक हैंडल से जारी किया गया था। सच बोलने पर पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया। अब उन्हें अकेले कानूनी और सामाजिक विरोध झेलना पड़ रहा है।

**बाढ़ और हीटवेव से निपटने की तैयारी पर बैठक**

## शाह ने दिया जीरो कैजुअल्टी डिजास्टर मैनेजमेंट' पर जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को देशभर में संभावित बाढ़ और हीटवेव की स्थिति से निपटने की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की।

उच्चस्तरीय बैठक में केंद्रीय मंत्रालयों, आपदा प्रबंधन एजेंसियों और मौसम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में गृह मंत्री ने स्पष्ट कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को "जीरो कैजुअल्टी डिजास्टर मैनेजमेंट" के लक्ष्य की ओर बढ़ना होगा। बैठक में गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि देश के हर राज्य में "फ्लड क्राइसिस मैनेजमेंट टीम" का गठन और सक्रिय संचालन किया जाए, ताकि बाढ़ जैसी आपदाओं के समय त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि राज्यों, जिलों और नगर निकायों में नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट ऑथोरिटी की गाइडलाइंस के पालन की नियमित समीक्षा की जानी चाहिए।

**हर राज्य में फ्लड क्राइसिस मैनेजमेंट टीम का गठन और सक्रिय संचालन करने के दिए निर्देश**

मंदिर पुजारियों की अनदेखी पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

# वेतन की समीक्षा को लेकर 'न्यायिक आयोग' की मांग

***पुजारी और मंदिर के कर्मचारी वेतन संहिता, 2019 की धारा 2(के) के तहत 'कर्मचारी'***

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुको में जनहित याचिका दायर कर केंद्र और राज्य सरकारों को सरकारी नियंत्रण वाले मंदिरों में पुजारियों, सेवादारों और अन्य कर्मचारियों को दिए जाने वाले वेतन और अन्य लाभों की समीक्षा के लिए एक न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने याचिका दायर की है जिसमें केंद्र और राज्यों को सरकारी नियंत्रण वाले मंदिरों में पुजारियों और अन्य कर्मचारियों को दिए जाने वाले वेतन और अन्य लाभों की समीक्षा के लिए न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है, "याचिकाकर्ता ने यह घोषणा करने का भी अनुरोध किया है कि पुजारी और मंदिर के कर्मचारी वेतन संहिता, 2019 की धारा 2(के) के तहत 'कर्मचारी' हैं। याचिकाकर्ता का कहना है कि जब सरकार मंदिरों के प्रशासनिक, आर्थिक और वित्तीय नियंत्रण अपने हाथ में ले लेती है, तो नियोक्ता-कर्मचारी संबंध स्थापित हो जाता है।

### *नहीं मिल रहा न्यूनतम वेतन*

न्यूनतम मजदूरी से भी वंचित हैं पुजारी याचिका में वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर और दक्षिण भारत के मंदिरों का उदाहरण देते हुए कहा गया है कि इन पवित्र स्थानों पर दिन-रात सेवा करने वाले कर्मचारियों को अकुशल श्रमिकों के बराबर भी न्यूनतम वेतन नहीं मिल रहा है।



**भारत के औषधि नियामक ने दवा निर्माताओं और आयातकों को निर्देश**

# दवा कंपनियां नई औषधियों के बाजार में आने की वास्तविक तिथि से सुरक्षा रिपोर्ट दाखिल करें

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने परामर्श जारी किया

इसकी सुरक्षा निगरानी को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

भारत के औषधि नियामक ने दवा निर्माताओं और आयातकों को निर्देश दिया है कि वे नयी दवाओं के लिए आवधिक सुरक्षा अद्यतन रिपोर्ट (पीएसयूआर) नियामक मंजूरी मिलने की तारीख से नहीं बल्कि दवा के बाजार में आने की वास्तविक तारीख से जमा करें।

यह कदम दवाओं के बाजार में आने के बाद इसकी सुरक्षा निगरानी को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने 21 अप्रैल को एक परामर्श जारी किया है।



### *'महत्वपूर्ण सुरक्षा संबंधी जानकारियां'प्राप्त नहीं होती*

*सीडीएससीओ ने कहा कि ऐसा करने से 'महत्वपूर्ण सुरक्षा संबंधी जानकारियां" प्राप्त नहीं होती हैं जबकि दवाओं के बाजार में आने के बाद दुष्प्रभावों की निगरानी और रोगी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन जानकारियों का प्राप्त करना बहुत जरूरी है। नई औषधियां और नैदानिक परीक्षण नियमावली, 2019 की पांचवीं अनुसूची के तहत, निर्माताओं और आयातकों को दवाओं के बाजार में लाने के बाद दवा सुरक्षा निगरानी के हिस्से के रूप में पीएसयू प्रस्तुत करना आवश्यक है। नियामक के अनुसार, पीएसयूआर जमा करने की समयसीमा अब नई दवा के बाजार में आने की वास्तविक तिथि से शुरू होगी, "भले ही दवा को मंजूरी पहले ही मिल चुकी हो'।*

**मंजूरी के बहुत बाद उत्पाद को बाजार में पहुंचाया**

*कंपनियों ने एक नई दवा के लिए मंजूरी प्राप्त कर ली, लेकिन उत्पाद को बाजार में बहुत बाद में पहुंचाया तथा दवा के बाजार में आने की तारीख के बजाय मंजूरी मिलने की तारीख से पीएसयू डेटा प्रस्तुत किया। सीडीएससीओ ने कहा कि ऐसा करने से "महत्वपूर्ण सुरक्षा संबंधी जानकारियां" प्राप्त नहीं होती हैं जबकि दवाओं के बाजार में आने के बाद दुष्प्रभावों की निगरानी और रोगी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन जानकारियों का प्राप्त करना बहुत जरूरी है।*

## चिंतन

# विजय के लिए चुनावी वादे निभाना बड़ी चुनौती

तमिलनाडु की राजनीति में अभिनेता से नेता बने विजय थलापति (सी. जोसेफ विजय) का उदय केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि राज्य की पारंपरिक राजनीति में बड़े बदलाव का संकेत है। उन्होंने रविवार को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण कर ली। दो साल पुरानी पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) ने विधानसभा चुनाव में 108 सीटें जीतकर यह साबित कर दिया कि जनता अब पुराने राजनीतिक समीकरणों से आगे बढ़कर नए विकल्प तलाश रही है, लेकिन अब विजय के सामने सबसे बड़ी चुनौती जनता से किए गए भारी-भरकम वादों को पूरा करने की है। तमिलनाडु में पिछले कई दशकों से द्रविड़ राजनीति का दबदबा रहा है। डीएमके और एआईएडीएमके जैसी पार्टियों ने राज्य की सत्ता को लगभग अपने बीच ही सीमित रखा। ऐसे में विजय का मुख्यमंत्री बनना ऐतिहासिक माना जा रहा है। हालांकि राजनीति में लोकप्रियता जितनी तेजी से मिलती है, उतनी ही तेजी से जनता उम्मीदें भी पाल लेती है। यही उम्मीदें अब विजय सरकार की सबसे कठिन परीक्षा बनने वाली हैं। टीवीके को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है। सरकार बनाने के लिए कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, वीसीके और आईयूएमएल जैसे दलों का समर्थन लेना पड़ा। फिलहाल सरकार संख्या बल पर सुरक्षित दिखाई देती है, लेकिन गठबंधन सरकारों में स्थिरता हमेशा एक चुनौती होती है। इससे भी बड़ी चुनौती उनकी चुनावी घोषणाएं हैं। महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये की सहायता, प्रत्येक परिवार को छह मुफ्त गैस सिलेंडर, गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में 8 ग्राम सोना और सिल्क साड़ी जैसी योजनाएं सुनने में आकर्षक जरूर लगती हैं, लेकिन इनके लिए भारी बजट की आवश्यकता होगी। तमिलनाडु पहले से ही घाटे और कर्ज के दबाव से गुजर रहा है। ऐसे में यदि सरकार केवल लोकलुभावन योजनाओं पर अधिक ध्यान देती है तो राज्य की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ सकता है। यही कारण है कि राजनीतिक विश्लेषक विजय को केंद्र सरकार के साथ बेहतर तालमेल रखने की सलाह दे रहे हैं। उसे बुनियादी ढांचे, निवेश, सेमीकंडक्टर, रक्षा उद्योग, शिक्षा नीति और रोजगार परियोजनाओं के लिए केंद्र के सहयोग की आवश्यकता है। यदि विजय केंद्र के साथ व्यावहारिक संबंध बनाए रखते हैं तो राज्य को आर्थिक सहायता और नई परियोजनाओं का लाभ मिल सकता है। राजनीतिक दृष्टि से भी यह संबंध महत्वपूर्ण होंगे। अल्पमत जैसी स्थिति में किसी भी सरकार को स्थिर बनाए रखने के लिए दिल्ली से अच्छे रिश्ते अप्रत्यक्ष रूप से मददगार साबित होते हैं। इसलिए विजय को भावनात्मक राजनीति के बजाय व्यावहारिक और संतुलित राजनीति अपनानी होगी। दूसरी तरफ, प्रशासनिक अनुभव की कमी भी विजय के सामने बड़ी चुनौती है। फिल्मों में नायक बनना और वास्तविक शासन चलाना दो अलग-अलग बातें हैं। बेरोजगारी, महंगाई, कानून-व्यवस्था, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर सरकार की कार्यशैली जल्द ही परखी जाएगी। यदि सरकार वादों को समय पर पूरा नहीं कर पाई तो जनता का भरोसा कमजोर पड़ सकता है। तमिलनाडु की जनता ने विजय को केवल अभिनेता के रूप में नहीं, बल्कि उम्मीद और बदलाव के प्रतीक के रूप में सत्ता सौंपी है, लेकिन राजनीति में असली पहचान लोकप्रियता से नहीं, बल्कि शासन क्षमता से बनती है। विजय के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती चुनावी वादों, आर्थिक संतुलन, गठबंधन की मजबूरियों और प्रशासनिक अनुभव की कमी के बीच सही रास्ता चुनने की है।



## बदलाव
राज कुमार सिन्हा

# द्रविड़ राजनीति में विजय का उदय

> दशकों से चली आ रही द्रविड़ राजनीति की दो पार्टियों द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के वर्चस्व को पीछे छोड़ते हुए अभिनेता से नेता बने जोसेफ विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कड़गम (टीवीके) ने 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अपनी जगह बनाई है। विजय की सरकार को कांग्रेस, लेफ्ट और वीसीके ने समर्थन दिया है। आईयूएमएल ने भी टीवीके को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है। विजय की लोकप्रियता और उसकी दीर्घकालिक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह पार्टी को मजबूत संगठन, स्पष्ट नीतियां और विश्वसनीय राजनीतिक नेतृत्व कितना विकसित कर पाते हैं।

वर्तमान तमिलनाडु की राजनीति में ऐतिहासिक बदलाव आया है। दशकों से चली आ रही द्रविड़ राजनीति की दो पार्टियों द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के वर्चस्व को पीछे छोड़ते हुए अभिनेता से नेता बने जोसेफ विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कड़गम (टीवीके) ने 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अपनी जगह बनाई है। राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने टीवीके पार्टी के अध्यक्ष जोसेफ विजय द्वारा सरकार बनाने के दावे को खारिज कर दिया था। जबकि टीवीके के संस्थापक जोसेफ विजय राज्यपाल अर्लेकर से दो बार मुलाकात कर सरकार बनाने का निमंत्रण देने का अनुरोध किया था। जोसेफ विजय को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने में राज्यपाल की देरी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई।

यह सर्वविदित है कि संविधान द्वारा शासित संसदीय लोकतंत्र में, किसी राजनीतिक दल या गठबंधन को बहुमत प्राप्त है या नहीं, यह प्रश्न केवल सदन के पटल पर ही निर्धारित किया जा सकता है। दूसरी ओर डीएमके और एआईएडीएमके के बीच वार्ता और एडप्पाडी पलानीस्वामी के नेतृत्व में सरकार बनाने के प्रयासों की खबरें भी आई जो जनादेश के विरुद्ध था। तमिलनाडु में अंदरखाने राष्ट्रपति शासन लगाने की चर्चा होने लगी थी। विजय की सरकार को कांग्रेस, लेफ्ट और वीसीके ने अपना समर्थन दिया है। आईयूएमएल ने भी टीवीके को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है। तमिलनाडु में सरकार गठन के लिए 118 विधायकों का समर्थन चाहिए था, जो अब 121 विधायकों का समर्थन मिल गया है। इसके बाद टीवीके की सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। इस चुनाव में विजय ने दो विधानसभा सीटों से जीत हासिल की है। हालांकि मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें एक सीट छोड़नी होगी। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनी, लेकिन उसके बाद भी सरकार बनाने को लेकर जोसेफ विजय को काफी दिक्कतें आई हैं। हालांकि, मुश्किलों को हल करने में राहुल गांधी की भूमिका काफी अहम रही है। तमिलनाडु में टीवीके चीफ विजय ने रविवार को राज्य के 9वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। इनके साथ नौ लोगों ने मंत्री पद की शपथ ली है। जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके का उदय तमिलनाडु की राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। यह केवल एक फिल्म अभिनेता के राजनीति में आने की घटना नहीं है, बल्कि राज्य की बदलती सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों, युवाओं की अपेक्षाओं और द्रविड़ राजनीति के भीतर उभरते खाली स्थान का परिणाम भी है। विजय तमिल सिनेमा के सबसे लोकप्रिय सितारों में से हैं। उनकी फिल्मों में अक्सर सामाजिक न्याय, भ्रष्टाचार विरोध और युवा शक्ति जैसे मुद्दे दिखाए जाते रहे हैं। उनका प्रशंसक नेटवर्क वर्षों से संगठित रूप में काम कर रहा था, जो अब राजनीतिक ढांचे में बदला गया है। टीवीके ने अभी तक खुद को पूरी तरह किसी एक वैचारिक ध्रुव से नहीं जोड़ा है। वे द्रविड़ पहचान, सामाजिक न्याय और तमिल अस्मिता को बनाए रखते हुए "सर्वसमावेशी" छवि बनाना चाहते हैं। वे युवाओं को रोजगार, पारदर्शी व्यवस्था और सुशासन पर जोर देकर नई पीढ़ी को द्रविड़



राजनीति में जोड़ा है। इस बार के चुनाव में एआईएडीएमके का वोट शेयर लगभग 12 प्रतिशत तक गिरा है। इस बार पार्टी तीसरे नंबर पर पहुंच गई है, बल्कि वह मुख्य विपक्षी दल का दर्जा भी गंवा बैठी है।

डीएमके और एआईएडीएमके दोनों पार्टियां पेरियार और अन्नादुरई के सिद्धांतों जैसे सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, हिंदी विरोध को मानती हैं। 1967 से तमिलनाडु में केवल इन दो पार्टियों ने ही सरकारें बनाई हैं, जो बारी-बारी से सत्ता में आती रही हैं। दोनों ही पार्टियों का फिल्मी जगत से गहरा संबंध रहा है, जहां नेता अक्सर पटकथा लेखक या अभिनेता रहे हैं। डीएमके का उदय 1949 में हुआ था। सी.एन. अन्नादुरई ने पेरियार के कुछ विचारों से असहमति के बाद डीएमके बनाई, जो चुनावी राजनीति में उतरी। दक्षिण के बड़े अभिनेता एम.जी. रामचंद्रन ने करुणानिधि से विवाद के बाद डीएमके से अलग होकर 1972 में एआईएडीएमके बनाई। बाद में जयललिता ने इस पार्टी की कमान संभाली थी। जयललिता भी दक्षिण की मशहूर अभिनेत्री थी। तमिलनाडु की द्रविड़ राजनीति का इतिहास 1916 में जस्टिस पार्टी की स्थापना से शुरू होकर आज की डीएमके और एआईएडीएमके के बीच वैचारिक और सत्ता संघर्ष का 110 साल पुराना सफर है। जस्टिस पार्टी की शुरुआत गैर-ब्राह्मण आंदोलन से हुई, जो प्रशासन और शिक्षा में ब्राह्मण वर्चस्व के खिलाफ था। बाद में जस्टिस पार्टी को पेरियार ने द्रविड़ कड़गम में बदला, जिसका उद्देश्य 'स्वतंत्र द्रविड़ नाडु' और सामाजिक सुधार था। तमिलनाडु की राजनीति देश के बाकी राज्यों से काफी अलग मानी जाती है। ऐसा इसलिए कि यहां जाति, भाषा, धर्म, क्षेत्रीय पहचान और सामाजिक न्याय की राजनीति ने एक ऐसी विचारधारा को जन्म दिया जिसे 'द्रविड़ राजनीति' कहा जाता है। 1967 का विधानसभा चुनाव तमिलनाडु की राजनीति का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ, जहां डीएमके ने कांग्रेस को हराकर सत्ता हासिल कर ली और सी. एन. अन्नादुरई मुख्यमंत्री बने। यह पहली बार था, जब किसी क्षेत्रीय दल ने राज्य में कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया था। इसके बाद तमिलनाडु की राजनीति लगभग पूरी तरह द्रविड़ दलों के नियंत्रण में आ गई। अन्नादुरई की मृत्यु के बाद एम. करुणानिधि डीएमके के सबसे बड़े नेता बनकर उभरे। करुणानिधि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने और पांच बार इस पद पर आसीन हुए। उन्होंने 2016 तक हुए सभी 13 विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करके एक रिकॉर्ड बनाया। 2018 में, उनके बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण, डीएमके की आम सभा की बैठक हुई और एम.के. स्टालिन को डीएमके का अध्यक्ष चुना गया था। 1980 और 1990 के दशक में तमिलनाडु की राजनीति पूरी तरह करुणानिधि बनाम जयललिता में बदल गई। दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक संघर्ष बेहद तीखा था। विधानसभा से लेकर सड़कों तक टकराव दिखाई देता था। तमिलनाडु की राजनीति में फिल्मी लोकप्रियता महत्वपूर्ण है, लेकिन केवल स्टारडम से सत्ता नहीं मिलती। एम.जी. रामचंद्रन और जे. जयललिता सफल हुए क्योंकि उन्होंने मजबूत संगठन और जनकल्याणकारी राजनीति भी विकसित की थी। नई पार्टियों पर अक्सर आरोप लगता है कि वे केवल एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द बनी हैं। यदि टीवीके अलग-अलग चेहरों को आगे करती है, तो वह खुद को "संगठन आधारित पार्टी" के रूप में पेश कर सकती है। तमिलनाडु की राजनीति में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन बेहद महत्वपूर्ण है। विजय की लोकप्रियता और उसकी दीर्घकालिक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह पार्टी को मजबूत संगठन, स्पष्ट नीतियां और विश्वसनीय राजनीतिक नेतृत्व कितना विकसित कर पाते हैं।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी
सतीश सिंह



# महंगाई की मार से धीमी पड़ती विकास की रफ्तार

वैश्विक अर्थव्यवस्था इस समय ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां युद्ध, भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा संकट और बाधित आपूर्ति शृंखलाएं विकास की गति पर भारी पड़ती दिखाई दे रही हैं। दुनिया भर में खाद्य पदार्थों, ईंधन और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि ने महंगाई को फिर वैश्विक चिंता के केंद्र में ला खड़ा किया है। इसका सीधा असर विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ रहा है और भारत भी इससे अछूता नहीं है। संयुक्त राष्ट्र से जुड़े संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार वैश्विक खाद्य कीमतें पिछले तीन वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी हैं। अप्रैल महीने में फूड कमोडिटी प्राइस इंडेक्स में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना मं 2.5 प्रतिशत अधिक है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण अमेरिका और ईरान के बीच जारी संघर्ष है, जिसने वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। ईरान युद्ध को दस सप्ताह से अधिक समय बीत चुका है और हॉर्मुज जलडमरूमध्य अब भी पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाया है। यह वही सामरिक समुद्री मार्ग है, जिससे दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति होती है। इस मार्ग में व्यवधान आने से वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर गहरा असर पड़ा है। ईंधन, उर्वरक, खाद्यान्न और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिसके कारण उनकी कीमतों में तेज उछाल आया है। सबसे अधिक प्रभाव खाद्य तेलों पर दिखाई दे रहा है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने बायो-फ्यूल की मांग बढ़ा दी है, जिसके कारण वेजिटेबल ऑयल की कीमतें मार्च की तुलना में अप्रैल महीने में लगभग 6 प्रतिशत बढ़ गई हैं। यह जुलाई 2022 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। अनाज की कीमतों में भी लगातार तेजी बनी हुई है। यदि यह संकट लंबा खिंचता है, तो आने वाले समय में वैश्विक खाद्य संकट की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

भारत में भी महंगाई के संकेत स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। अप्रैल महीने में दैनिक उपयोग की 20 में से 16 वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई। खाने के तेल, टमाटर और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने खुदरा महंगाई को लगभग 4 प्रतिशत के स्तर तक पहुंचा दिया है। महंगाई का असर केवल रसोई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह धीरे-धीरे पूरी अर्थव्यवस्था की गति को प्रभावित करता है। पैकेजिंग सामग्री, ऊर्जा और परिवहन लागत बढ़ने से एफएमसीजी सेक्टर की कंपनियों की इनपुट लागत बढ़ गई है। आने वाले महीनों में साबुन, तेल, बिस्किट और अन्य रोजमर्रा की वस्तुएं और महंगी हो सकती हैं। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। यूरिया, एल्युमीनियम, सोया तेल और गेहूं जैसी आवश्यक वस्तुएं भी महंगी हुई हैं। इसका असर उद्योगों, निर्माण क्षेत्र और कृषि लागत पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। कृषि क्षेत्र विशेष रूप से प्रभावित हो रहा है, क्योंकि उर्वरक, डीजल और परिवहन महंगे होने से खेती की लागत बढ़ रही है। इससे खाद्य कीमतों में और वृद्धि होने की संभावना है। महंगाई बढ़ने का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव यह है कि लोगों की आय का बड़ा हिस्सा भोजन, ईंधन और रोजमर्रा के खर्चों में निकल जाता है, जिससे बचत घट जाती है। बचत कम होने से बैंकों और वित्तीय संस्थानों के पास निवेश के लिए पूंजी भी कम होती है। परिणामस्वरूप उद्योगों का विस्तार धीमा पड़ने लगता है। यही कारण है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने हालिया मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखा है। केंद्रीय बैंक का उद्देश्य महंगाई को नियंत्रित करना है, लेकिन ऊंची ब्याज दरों का असर निवेश और उपभोग दोनों पर पड़ता है। कर्ज महंगा होने से उद्योगों के विस्तार की गति धीमी होती है और नए निवेश प्रभावित होते हैं। इससे रोजगार के अवसरों पर भी असर पड़ता है। विशेष रूप से एमएसएमई सेक्टर पर इसका दबाव अधिक दिखाई दे रहा है। छोटे और मध्यम उद्योग पहले ही ऊंची लागत और सीमित पूंजी से जूझ रहे हैं। अब ऊर्जा, परिवहन और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों ने उनकी चुनौतियां और बढ़ा दी हैं। यदि स्थिति लंबे समय तक बनी रही, तो उत्पादन में गिरावट और रोजगार संकट गहरा सकता है। दरअसल, महंगाई केवल कीमतों में वृद्धि नहीं है; यह आर्थिक संतुलन को प्रभावित करने वाली वह प्रक्रिया है, जो धीरे-धीरे विकास की गति को कमजोर कर देती है। जब आम आदमी की क्रय शक्ति घटती है, उद्योगों की लागत बढ़ती है, निवेश धीमा पड़ता है और रोजगार के अवसर कम होते हैं, तब आर्थिक विकास की रफ्तार स्वतः कम हो जाती है।

( लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
**दर्शन**

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। जीवन का अस्तित्व एक ऐसा आश्चर्यमय सत्य है कि तुम एक क्षण भी उसका विस्मरण नहीं कर सकते।

## राजा हैं तो भी घमंडी न बनें



संकलित
**प्रेरणा**

एक राज्य में एक राजा रहता था जो बहुत घमंडी था। उसके घमंड के चलते आस पास के राज्य के राजाओं से भी उसके संबंध अच्छे नहीं थे। उसके घमंड की वजह से सारे राज्य के लोग उसकी बुराई करते थे। एक बार उस गांव से एक साधु महात्मा गुजर रहे थे उन्होंने भी राजा के बारे में सुना और राजा को सबक सिखाने की सोची।साधु तेजी से राजमहल की ओर गए और बिना प्रहरियों से पूछे सीधे अंदर चले गए। राजा ने देखा तो वो गुस्से में भर गया। राजा बोला- ये क्या उदण्डता है महात्मा जी, आप बिना किसी की आज्ञा के अंदर कैसे आ गए? साधु ने विनम्रता से उत्तर दिया- मैं आज रात इस सराय में रुकना चाहता हूं। राजा को ये बात बहुत बुरी लगी वो बोला- महात्मा जी ये मेरा राज महल है कोई सराय नहीं, कहीं और जाइये। साधु ने कहा- हे राजा, तुमसे पहले ये राजमहल किसका था? राजा- मेरे पिताजी का, साधु- तुम्हारे पिताजी से पहले ये किसका था? राजा- मेरे दादाजी का। साधु ने मुस्करा कर कहा- हे राजा, जिस तरह लोग सराय में कुछ देर रहने के लिए आते है वैसे ही ये तुम्हारा राज महल भी है जो कुछ समय के लिए तुम्हारे दादाजी का था, फिर कुछ समय के लिए तुम्हारे पिताजी का था, अब कुछ समय के लिए तुम्हारा है, कल किसी और का होगा। ये राजमहल जिस पर तुम्हें इतना घमंड है ये एक सराय ही है जहाँ एक व्यक्ति कुछ समय के लिए आता है और फिर चला जाता है। साधु की बातों से राजा इतना प्रभावित हुआ कि सारा राजपाट, मान सम्मान छोड़कर साधु के चरणों में गिर पड़ा और महात्मा जी से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सोच और कार्य व्यवहार बदलने ही चाहिए

जरूरत से ज़्यादा विनम्र होना और किसी को अधिक सम्मान देना भी आज के समय में कई बार एक बड़ी मूर्खता प्रतीत होती है। वे लोग आपको/हमें लगभग उनका दास ही समझने लगते हैं, विशेषकर बड़े प्रशासनिक अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के विषय में। मुख्यतः, यदि कुछ प्रशासनिक अधिकारी ईमानदार और पूर्णतः संवैधानिक विषयों, कार्यों में भी सहयोग नहीं करते हैं, तो ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध निर्भीक होते हुए कानूनी तरीके से निःसंकोच होकर अवश्य ही अपनी आवाज बुलंद करनी चाहिए। हमारे पूर्ण मर्यादा में रहते हुए, उन लोगों को भी कुछ सेंक/आंच महसूस होनी चाहिए। ये हम सभी को बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए कि बड़े से बड़े प्रशासनिक अधिकारी और चुने हुए प्रतिनिधि जनता की सेवा करने के लिए ही होते हैं, जनमानस-नागरिकों पर राज करने के लिए नहीं। - *मनिषा, रोहतक*

## ट्रेंड

### स्वच्छ भारत अभियान



मेरा हमेशा से यही मानना रहा है कि कोई भी सरकार तभी सफल हो सकती है जब समाज स्वयं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग ले। स्वच्छ भारत अभियान जैसे अनेक कार्यक्रम इसके प्रमुख उदाहरण हैं।
**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### गहरी संवेदनाए




कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कर्नाटक के मंत्री डी. सुधाकर के निधन से गहरा दुख हुआ। कांग्रेस विचारधारा के पथप्रदर्शक, उन्होंने अपना पूरा जीवन चित्रदुर्ग और कर्नाटक के गरीबों की सेवा में व्यतीत किया। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।
**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### मां कामाख्या के दर्शन



असम का नया विधान भवन ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर स्थित है, जहां से दुनिया का सबसे छोटा नदी द्वीप उमानंदा दिखाई देता है। जब भी आप मां कामाख्या के दर्शन के लिए आएं, उमानंदा में बाबा के दर्शन अवश्य करें। इससे आपकी यात्रा सफल होगी
**- हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### डिजिटल क्रांति



हमारी डिजिटल क्रांति ने भारत को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी बना दिया है। आज बुनियादी ढांचा भी अभूतपूर्व गति से विकसित हो रहा है, भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। भारत तेजी से स्टार्टअप के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम बन गया है।
**- सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

## करंट अफेयर

# गड्ढे भरना नेताओं के बस की बात क्यों नहीं


ब्रिटेन में सड़कों के गड्ढे न सिर्फ सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं, बल्कि ये वाहनों को नुकसान पहुंचाने के साथ लोगों की रोजमर्रा की परेशानी और नाराजगी की बड़ी वजह भी हैं। स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान यह मुद्दा और भी उभरकर सामने आता है क्योंकि अधिकांश सड़कों का रखरखाव स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है। अप्रैल में हुए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि सात मई के लिए निर्धारित चुनावों में पूरे ब्रिटेन में मतदाताओं के लिए सड़कों की हालत सबसे प्रमुख स्थानीय मुद्दा रही। 'द एस्फाल्ट इंडस्ट्री एलायंस' (एआईए) की 2025 की रिपोर्ट बताती है कि इंग्लैंड और वेल्स के स्थानीय सड़क नेटवर्क का 17 प्रतिशत हिस्सा खराब हालत में है। रिपोर्ट के अनुसार मरम्मत के लंबित कार्य को पूरा करने में 12 साल लगेंगे और 16 .81 अरब पाउंड खर्च होंगे। नेताओं के लिए गड्ढे भरने के आंकड़े गिनाकर वोट बटोरना आसान है, लेकिन इससे समस्या की जड़ नहीं सुलझती। गड्ढे अचानक नहीं बनते, होता यूं है कि सामान्य डामर सड़कों में बिटुमेन समय के साथ पुराना और भुरभुरा हो जाता है। वाहनों के बोझ से सड़क की सतह पर दरारें पड़ने लगती हैं। इन दरारों में पानी घुस जाता है और सर्दियों में जमने-पिघलने के चक्र तथा वाहनों के दबाव से ये दरारें चौड़ी होती जाती हैं।



## ऑफ बीट

# आइसक्रीम के स्वादों का अजीब इतिहास

इंग्लिश हेरिटेज अब अपनी 13 साइटों पर ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम बेच रहा है, जिसे वह 'ब्रेड के बाद सबसे अच्छी कटी हुई चीज' बताता है, जो जॉर्जियाई रेसिपी से प्रेरित है। स्वाद की घोषणा में ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम तक पहुंचने से पहले इंग्लिश हेरिटेज द्वारा परमेसन और ककड़ी जैसे कई और विचित्र जॉर्जियाई स्वादों को आजमाने का उल्लेख किया गया है। ऐतिहासिक व्यंजनों से आगंतुकों को लुभाने के अपने प्रयासों में इंग्लिश हेरिटेज अकेली नहीं है। एडिनबर्ग में, नेशनल ट्रस्ट फॉर स्कॉटलैंड के ग्लैडस्टोन्स लैंड में डेयरी से जुड़ा एक आइसक्रीम पार्लर है, जो 1904 में वहां बना था। यह संपत्ति 1770 की रेसिपी के आधार पर बिगफ्लॉवर और नींबू दही आइसक्रीम बेचती है, और आगंतुक कई अन्य तरह के स्वाद का भी मजा ले सकते हैं। ब्राउन ब्रेड आइसक्रीम, जिसे अपनी कैरेमेल पौष्टिकता के लिए पसंद किया जाता है, समकालीन खाने वालों के लिए अन्य ऐतिहासिक पेशकशों की तुलना में भले ही अधिक परिचित स्वाद हो सकती है, लेकिन पिछली शताब्दियों में ब्रिटेन में खाई जाने वाली आइसक्रीम स्वाद और रूपों की एक विशाल विविधता से गुजरी है।



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

आईपीएल : रोमांचक हुई प्लेऑफ की जंग

# चेन्नई ने लखनऊ को हराया, बने 400 से ज्यादा रन

एजेंसी ⏭ चेन्नई

चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 5 विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। उर्विल पटेल ने 13 गेंद में अर्धशतक पूरा कर भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के रिकॉर्ड की बराबरी की। उन्होंने 23 गेंद में आठ छक्कों और दो चौकों की मदद से 65 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली।

जोश इंग्लिस की 33 गेंद में 85 रन की आक्रामक पारी के बावजूद सुपरकिंग्स ने जैमी ओवरटन की शानदार गेंदबाजी के बूते सुपरजायंट्स को 8 विकेट पर 203 रन पर रोकने के बाद 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 208 रन बनाकर जीत दर्ज की। टीम 11 मैचों में छठी जीत के बाद 12 अंक के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई, जबकि अंतिम पायदान पर काबिज सुपरजायंट्स की आठवीं हार के बाद प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं।



### सुपरकिंग्स ने पहली बार हासिल किया 200 से अधिक का लक्ष्य

उर्विल के अलावा कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंद में 42 रन का योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 34 गेंद में 81 रन जोड़े। गायकवाड़ ने इससे पहले संजू सैमसन (14 गेंद में 28 रन) के साथ 22 गेंद में 45 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। शिवम दुबे (नाबाद 15) ने एडेन मारक्रम के खिलाफ अंतिम ओवर में लगातार दो छक्के जड़े, जिससे सुपरकिंग्स ने पहली बार 200 से अधिक का लक्ष्य हासिल किया। प्रशांत वीर 17 रन पर नाबाद रहे। इंग्लिस ने अपनी पारी में छह छक्के और 10 चौके जड़कर सुपरजायंट्स का स्कोर नौवें ओवर के बाद 112 रन तक पहुंचा दिया था। ओवरटन की अगुवाई में गेंदबाजों ने 10वें से 15वें ओवर के बीच 35 रन के अंदर चार विकेट झटककर रनगति पर अंकुश लगा दिया। ओवरटन ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिए, जिसमें इंग्लिस का विकेट भी शामिल था। नूर अहमद ने चार ओवर में 24 रन देकर एक विकेट लिया, जबकि अंशुल कंबोज को दो विकेट मिले लेकिन उन्होंने 47 रन खर्च किए।

### आईपीएल में सबसे तेज अर्धशतक (गेंदों के आधार पर)

- 13 - यशस्वी जायसवाल (आरआर) बनाम केकेआर, कोलकाता, 2023
- 13 - उर्विल पटेल (सीएसके) बनाम एलएसजी, लखनऊ, 2026
- 14 - केएल राहुल (पीबीकेएस) बनाम डीसी, मोहाली, 2018
- 14 - पैट कमिंस (केकेआर) बनाम एमआई, पुणे, 2022
- 14 - रोमारियो शेफर्ड (आरसीबी) बनाम सीएसके, बेंगलुरु, 2025

### खराब फार्म में कैपिटल्स पंजाब को जीत की चाह

**धर्मशाला।** किंग्स की टीम सोमवार को धर्मशाला के खूबसूरत मैदान में जब खराब फॉर्म से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की मेजबानी करेगी तो इंडियन प्रीमियर लीग के आखिरी चरण में अपने प्रदर्शन में आई चौंकाने वाली गिरावट को रोकने की कोशिश करेगी। एचपीसीए स्टेडियम में 17 मई तक 3 मैच के साथ पंजाब की टीम अपने घरेलू चरण को समाप्त करेगी। अपने पिछले 3 लीग मैच में मिली हार के बाद टीम खेल के सभी विभागों में सुधार की उम्मीद कर रही होगी। उस टीम के लिए हालांकि अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है, जो कुछ समय पहले तक इस टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी लेकिन लीग चरण के बाकी मुकाबलों के लिए उसे अपनी बुनियादी चीजों को ठीक करने की जरूरत है। श्रेयस अय्यर की अगुआई वाले पंजाब किंग्स को प्ले ऑफ में जगह बनाने के लिए अब भी कम से कम दो जीत की जरूरत है और ऐसे में टीम चाहती है कि उनके खिलाड़ी उन्हीं तरीकों पर कायम रहें, जिनसे उन्हें टूर्नामेंट के पहले हाफ में सफलता मिली थी।

- आज शाम 7 : 30 बजे होगा मैच

## मुंबई प्लेऑफ की रेस से बाहर



# भुवनेश्वर के छक्के ने दिलाई बेंगलुरु को जीत

एजेंसी ⏭ रायपुर

- आरसीबी ने इंडियंस को दो विकेट से हराया
- बेंगलुरु ने अंक तालिका में पहला स्थान हासिल किया

रायपुर में आयोजित आईपीएल क्रिकेट के एक रोमांचक मुकाबले में बेंगलुरु रॉयल चैलेंजर्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की है। बेंगलुरु ने अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया है। बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस की टीम शुरुआत से ही बेंगलुरु की सटीक गेंदबाजी के सामने संघर्ष करती नजर आई। टीम ने नियमित अंतराल पर अपने विकेट खोए, जिससे बड़ा स्कोर बनाने की राह कठिन हो गई। मुंबई की ओर से तिलक वर्मा और नमन धीर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। तिलक वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 57 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि नमन धीर ने 47 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।निर्धारित 20 ओवरों के अंत में मुंबई इंडियंस ने 7 विकेट के नुकसान पर 166 रन बनाए। बेंगलुरु रॉयल चैलेंजर्स की तरफ से गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार सबसे सफल रहे, जिन्होंने विपक्षी टीम के 4 विकेट चटकाए।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 11 | 7 | 4 | 14 |
| हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 11 | 7 | 4 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| राजस्थान | 10 | 6 | 5 | 12 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| दिल्ली | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 |
| लखनऊ | 11 | 3 | 8 | 6 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप





हेनरिक क्लासेन
494 रन
हैदराबाद

भुवनेश्वर कुमार
21 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### शिविर में हिस्सा लेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया राष्ट्रीय महिला टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले सोमवार से बेंगलुरु में एक संक्षिप्त शिविर आयोजित करेगा। यह तैयारी शिविर इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि टीम एफआईएच नेशंस कप से पहले एक अनुभव दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी। एफआईएच नेशंस कप 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में होगा। इस साल के आखिर में बेल्जियम में महिला विश्व कप 2026 और एशियाई खेल भी होने वाले हैं। शिविर में वही 31 खिलाड़ी शामिल होंगी, जो अप्रैल में मुख्य कोच शोर्ड मारिन के मार्गदर्शन में हुए पिछले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा थीं।

### 72 का कार्ड खेलने के बाद शीर्ष 40 से बाहर हुए संधू

**बार्सिलोना।** युवराज संधू एस्ट्रेला डैम कैटालुन्या चैंपियनशिप के तीसरे दौर में ईवन पार 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 46वें स्थान पर खिसक गए।तीसरे दिन अच्छी शुरुआत के बाद आखिरी 9 होल में एक डबल बोगी और एक बोगी करने के कारण उनका स्कोर 72 रहा। उनका कुल स्कोर चार-अंडर (68-72-72) है। इससे पहले शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत कट हासिल करने में असफल रहे थे। संधू ने टूर्नामेंट की शुरुआत शानदार अंदाज में चार-अंडर 68 के साथ की थी, लेकिन दूसरे दिन उन्हें संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने ईवन पार 72 का स्कोर बनाया।

## गुकेश ने रेपिड में 9 और ब्लिट्ज में 8 अंक जुटाए

# नीमैन ने जीता खिताब, गुकेश को छठे स्थान पर करना पड़ा संतोष

एजेंसी ⏭ वारसॉ

विश्व चैंपियन डी. गुकेश को छठे स्थान से संतोष करना पड़ा जबकि अमेरिका के हेन्स मोके नीमैन ने अंत तक धैर्य बरकरार रखते हुए 'सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज' का खिताब जीत लिया। यह टूर्नामेंट 'ग्रैंड चेस टूर' का हिस्सा है। गुकेश ने 36 संभावित अंक में से 17 अंक हासिल करके अपना अभियान समाप्त किया।

खिलाड़ियों ने 9 रेपिड और 18 ब्लिट्ज बाजियां खेलीं। हर रेपिड बाजी जीतने पर 2 अंक और ब्लिट्ज बाजी जीतने पर एक अंक निर्धारित था। गुकेश ने रेपिड में 9 और ब्लिट्ज में 8 अंक जुटाए। हालात और भी खराब हो सकते थे लेकिन गुकेश ने आखिरी दौर में पोलैंड के डूडा यान-क्रिस्टोफ को हराकर वापसी की। गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर के मुख्य टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था और इस साल वे केवल रेपिड और ब्लिट्ज प्रारुपों में ही खेलेंगे। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश इस साल के अंत में नार्वे शतरंज टूर्नामेंट के अलावा अमेरिका के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबला भी खेलने वाले हैं।

सुपर रेपिड एवं ब्लिट्ज



### गुकेश को आखिरी दिन तीन मिलीं जीत

गुकेश को आखिरी दिन तीन जीत मिलीं। उन्होंने अमेरिका के वेस्ली सो, नीमैन और डूडा को हराया। उन्हें चार हार का सामना करना पड़ा, जिसमें सिंदारोव के खिलाफ शिकस्त भी शामिल है। सिंदारोव ने गुकेश के साथ खेले गए तीन मैच की व्यक्तिगत भिड़ंत में 2-1 के अंतर से जीत हासिल की। नीमैन ने आखिरी दो दौर जीते और टूर्नामेंट का समापन कुल 22.5 अंक के साथ किया।

### 22 अंक के साथ दूसरे स्थान पर करुआना

अमेरिका के फाबियानो करुआना 22 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जो वेस्ली से एक अंक अधिक है। स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव 18 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे जबकि फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा ने पांचवां स्थान हासिल किया। ग्रैंड चेस टूर का कारवां अब 'सुपर क्लासिक' टूर्नामेंट के लिए रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट की ओर बढ़ेगा और इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से एकमात्र खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा हिस्सा लेंगे।

# सिटी ने आर्सेनल पर बढ़ाया दबाव



- मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराया
- डोकू, एर्लिंग हेलैंड और ओमार मारमोश ने गोल दागे

एजेंसी ⏭ मैनचेस्टर

मैनचेस्टर सिटी ने ब्रेंटफोर्ड को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल पर दबाव बढ़ा दिया। सिटी की ओर से जेरेमी डोकू, एर्लिंग हेलैंड और ओमार मारमोश ने गोल दागे, जिससे आर्सेनल और दूसरे स्थान पर चल रही इस टीम के बीच अब सिर्फ दो अंक का अंतर रह गया है। आर्सेनल के 35 मैच में 76 जबकि सिटी के इतने ही मैच में 74 अंक हैं।

# तुमकुरु ओपन : जस्टिना ने जीता एकल का खिताब



एजेंसी ⏭ तुमकुरु

शीर्ष वरीयता प्राप्त जस्टिना मिकुल्सकाइट ने रविवार को आईटीएफ डब्ल्यू35 तुमकुरु ओपन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग का खिताब जीता, जब दूसरी वरीयता प्राप्त जुजाना पावलिकोवस्का को चोट के कारण मैच से हटना पड़ा।

कंधे की चोट के कारण जुजाना ने तकलीफ में होने के बावजूद खिताबी मुकाबले के लिए तुमकुरु जिला टेनिस संघ स्टेडियम के कोर्ट पर उतरकर जबरदस्त हिम्मत दिखाई। हालांकि पहले गेम के बाद पोलैंड की खिलाड़ी मैच जारी नहीं रख सकीं, जिससे जस्टिना ने जीत दर्ज की।

### दर्शकों को हाथ लगी निराशा

इससे दर्शकों को निराशा हाथ लगी, जो शीर्ष दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों के बीच रोमांचक फाइनल की उम्मीद में आए थे। यह जस्टिना का आठवां आईटीएफ एकल खिताब था है। ट्रॉफी के साथ लिथुआनिया की इस खिलाड़ी को विजेता के तौर पर 4,860 डॉलर और 35 डब्ल्यूटीए रैंकिंग अंक भी मिले। जुजाना को उपविजेता रहने के लिए 2,637 डॉलर और 23 डब्ल्यूटीए अंक मिले।


# इटैलियन ओपनः सिनर की धमाकेदार शुरुआत, तीसरे राउंड में एंट्री

एजेंसी ⏭ रोम

- सिनर ने दूसरे राउंड में ऑफनर को सीधे सेटों में हराया

दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जैनिक सिनर ने इटैलियन ओपन की धमाकेदार शुरुआत की है। सिनर ने दूसरे राउंड में सेबेस्टियन ऑफनर को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया।

घरेलू दर्शकों के बीच सिनर ने हमेशा की तरह बेहतरीन खेल की बदौलत मैच पर दबदबा कायम किया। सिनर ने पहले सेट में सिर्फ पांच अनफोर्स्ड एरर किए और विपक्षी को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। सिनर ने मैच की शुरुआत में एक नाजुक ड्रॉप शॉट मारकर सर्व ब्रेक किया और मैच पर पूरा नियंत्रण कर लिया। मैच एक घंटा 31 मिनट तक चला।



### फेडरर के बराबरी पर आए सिनर

सिनर की एटीपी मास्टर्स 1000 जीतने की स्ट्रीक 29 मैचों तक पहुंच गई, जिससे वह सीरीज में तीसरी सबसे लंबी स्ट्रीक के लिए रोजर फेडरर के साथ बराबरी पर आ गए। जीत के बाद जैनिक सिनर ने कहा, मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। पहले दिन से ही, यह मेरे लिए एक बहुत ही खास टूर्नामेंट रहा है। इटैलियन होने के नाते आप हर साल इस टूर्नामेंट के बारे में थोड़ा सोचते हैं। सिनर का तीसरे राउंड का मुकाबला एलेक्सी पोपिरिन है।

# टी20 वर्ल्ड कप के लिए बांग्लादेश स्क्वॉड का ऐलान

**ढाका।** 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड में खेले जाने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश ने अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। निगार सुल्ताना की कप्तानी में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की गई है। निगार सुल्ताना लगातार तीसरे टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की कप्तानी करेंगी। बांग्लादेश की स्क्वॉड में टॉप-ऑर्डर की बल्लेबाज ताज नेहर की वापसी हुई है, जबकि हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में खेलने वाली सरमिन सुल्ताना को ड्रॉप कर दिया गया है। 2023 और 2024 एडिशन में टीम की कप्तानी कर चुकीं निगार सुल्ताना की टीम में इस बार युवा खिलाड़ियों के साथ अनुभवी खिलाड़ियों का भी मिश्रण है। अनुभवी खिलाड़ी के रूप में फहीमा खातून शामिल हैं, जो अपना सातवां टी20 विश्व कप खेलने के लिए तैयार हैं। फहीमा के अलावा नाहिदा अख्तर, रितु मोनी और कप्तान निगार 2016 से टीम का हिस्सा हैं।

- लगातार तीसरी बार कप्तान होंगी निगार सुल्ताना

## चार सेट के बाद स्कोर बराबर, शूट ऑफ में निकला नतीजा

# तीरंदाजी विश्व कपः भारत ने चीन को हराकर जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी ⏭ शंघाई

दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में मेजबान और खिताब के प्रबल दावेदार चीन को शूट ऑफ में हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया।

रोमांचक फाइनल में भारत ने पहला सेट जीता लेकिन चीन ने वापसी करते हुए मुकाबला बराबर कर दिया। निर्धारित चार सेट के बाद स्कोर बराबर रहने के कारण शूट ऑफ कराया गया। भारतीय तिकड़ी ने निर्णायक क्षणों में संयम बनाए रखते हुए 5-4 (28-26) से जीत दर्ज की। अनुभवी दीपिका ने दबाव के बीच अंतिम शूट ऑफ तीर पर अहम 9 अंक जुटाकर भारत को 2021 के बाद पहला विश्व कप स्वर्ण पदक दिलाया।

- दीपिका ने दबाव में जुटाए अहम 9 अंक
- भारत को मिला 2021 के बाद पहला विश्व कप गोल्ड



*दीपिका ने अपनी टीम का बढ़ाया हौसला*

*नियुक्तियों को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच बिना किसी पूर्णकालिक राष्ट्रीय कोच के यात्रा करते हुए बेहद अनुभवी दीपिका ही थीं, जिन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और लगातार अपनी टीम की साथियों का हौसला बढ़ाया।*

### *तीन साल में पहला विश्व कप पदक*

*दीपिका के नाम 2010 से अब तक सात विश्व कप टीम स्वर्ण पदक हो गए हैं। यह भारतीय महिला रिकर्व टीम का तीन साल में पहला विश्व कप पदक भी है। इससे पहले टीम 2023 में पेरिस में चरण चार में पोडियम पर पहुंची थी, जिसमें अंकिता पदक जीतने वाली टीम की सदस्य थीं। शंघाई में भारत अब तक दो पदक जीत चुका है। इससे पहले कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शनिवार को कांस्य पदक जीतकर देश के पदक का खाता खोला था। भारत एक और पदक की दौड़ में बना हुआ है। रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर दिन में बाद में सेमीफाइनल में उतरेंगी और विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने के लिए उन्हें एक जीत की जरूरत है।*

### सेमीफाइनल में कांग चेयांग से हारी सिमरनजीत

सिमरनजीत कौर के लिए यह दिल तोड़ने वाला अनुभव रहा जब उन्हें सेमीफाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की कांग चेयांग के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद कांस्य पदक के लिए हुए प्लेऑफ में उन्हें एक और कोरियाई खिलाड़ी जांग मिनही से हार मिली। इस तरह भारत ने अपने अभियान का समापन दो पदक (एक स्वर्ण, एक कांस्य) के साथ किया।

# फारस की खाड़ी में दोहा से करीब 43 किमी दूर ब्रिटिश के मालवाहक जहाज पर हुआ मिसाइल से बड़ा हमला

फारस की खाड़ी में व्यापारिक जहाजों पर हमलों की घटनाओं ने दुनिया भर की चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में कतर के तट के पास एक मालवाहक जहाज को अज्ञात हथियार से निशाना बनाया गया, जिससे उसमें आग लग गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

## सुरक्षित माने जाने वाले समुद्री रास्तों पर भी खतरा बढ़ गया

एजेंसी ▶▶ दोहा

अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बावजूद इस क्षेत्र में शांति बहाल नहीं हो पा रही है। लगातार होते ये हमले वैश्विक व्यापार और समुद्री सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती बन गए हैं। रविवार को कतर की राजधानी दोहा से करीब 43 किमी दूर एक मालवाहक जहाज पर हमला हुआ। ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा एजेंसी के अनुसार, जहाज पर किसी प्रोजेक्टाइल से वार किया गया था। हमले के तुरंत बाद आग लग गई, जिसे क्रू मेंबर्स ने समय रहते बुझा लिया। सुरक्षित माने जाने वाले समुद्री रास्तों पर भी खतरा बढ़ गया है। फिलहाल किसी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, जिससे रहस्य और गहरा गया है।

*हमले के तुरंत बाद आग लग गई, जिसे क्रू मेंबर्स ने समय रहते बुझा लिया*


एआई इमेज

### भारतीय और चीनी जहाजों पर आंच

*इस विवाद की लपटों से दूसरे देश भी नहीं बच पा रहे हैं। 8 अप्रैल को एक भारतीय लकड़ी के जहाज में आग लगने से एक नाविक की जान चली गई थी। वहीं, मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाले एक चीनी तेल टैंकर जेवी इनोवेशनल पर भी हमला हुआ था। इन घटनाओं ने अंतरराष्ट्रीय क्रू मेंबर्स के बीच डर पैदा कर दिया है। भारत और चीन जैसे देशों के लिए यह चिंता का विषय है क्योंकि उनके आर्थिक हित इस समुद्री रास्ते से गहराई से जुड़े हैं।*

### अमेरिका-ईरान के बीच खींचतान जारी


इलाके में तनाव का मुख्य कारण अमेरिका और ईरान के बीच की पुरानी दुश्मनी है। हाल ही में अमेरिका ने ईरान के दो तेल टैंकरों पर यह कहकर हमला किया था कि वे अमेरिकी नाकेबंदी का उल्लंघन कर रहे हैं। इसके जवाब में ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कड़ी चेतावनी दी है। ईरान का कहना है कि यदि उसके जहाजों को रोका गया, तो वह अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से पीछे नहीं हटेगा। यह जुबानी जंग अब समुद्र में हमलों में बदल रही है।

### वैश्विक व्यापार पर असर

होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल आपूर्ति रास्तों में से एक है। यहाँ होने वाली जरा सी हलचल भी वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों को बढ़ा सकती है। बार-बार होते हमलों के कारण बीमा कंपनियों ने जहाजों का प्रीमियम बढ़ा दिया है, जिससे माल ढुलाई महंगी हो रही है। अगर यह सिलसिला नहीं रुका, तो आने वाले दिनों में आम जनता पर महंगाई की मार पड़ सकती है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां इस पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट पर हैं।

## खबर संक्षेप

### अब डेटा और कोड से चल रहा आतंकः सिन्हा



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सुरक्षा चुनौतियों पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि आज के दौर में हथियारों से ज्यादा खतरनाक वे आतंकी हैं, जो सीमाओं के पार बैठकर डेटा, कोड और एन्क्रिप्टेड नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह डिजिटल खतरा अब भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान की कड़वी सच्चाई है। श्रीनगर में करीब 4,000 नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए एलजी ने बल को तकनीकी रूप से आधुनिक बनाने पर जोर दिया।

### हरिद्वार जा रही तीर्थयात्रियों की पलटी बस, 7 घायल



**ऋषिकेश।** बदरीनाथ हाईवे पर रविवार शाम शिवपुरी के पास एक बड़ा हादसा टल गया। चारधाम यात्रा से लौट रही एक बस (यूके 14पीA0605) कलथरी डंपिंग प्वाइंट के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। बस में ड्राइवर-कंडक्टर समेत कुल 25 यात्री सवार थे। पुलिस के अनुसार, चलती बस में ड्राइवर की ओर की खिड़की अचानक खुल गई थी, जिसे बंद करने के प्रयास में संतुलन बिगड़ गया। हादसे में 7 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश भेजा गया है। शेष यात्री सुरक्षित हैं, जिन्हें अन्य वाहन से गंतव्य को रवाना किया गया।

### भारत-त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच समझौता

# पूर्वजों की जड़ों को खोजने और भारत में अपने परिवारों से जुड़ने में मिलेगी मददः जयशंकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और त्रिनिदाद एवं टोबैगो ने एक अहम समझौता किया है, जिससे प्रवासी भारतीय अपने पूर्वजों की जड़ों को आसानी से खोज सकेंगे। विदेशी मंत्री एस जयशंकर ने गिरमिटिया समुदाय की विरासत और संघर्ष को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच एक अभिलेखीय सहयोग समझौता हुआ है। उन्होंने बताया कि यह समझौता प्रवासी भारतीयों को अपने पूर्वजों की जड़ों को खोजने और अपने परिवारों से दोबार जुड़ने में मदद करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार गिरमिटिया समुदाय की विरासत को संरक्षित करने के प्रयास कर रही है। गिरमिटिया उन भारतीय श्रमिकों को कहा जाता है, जिन्हें 19वीं और 20वीं सदी की शुरुआत में ब्रिटिश शासन फिजी, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और कैरिबियाई देशों में ले गया था। जयशंकर ने ऐतिहासिक नेल्शन द्वीप पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया।

भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बीच हुए समझौते का जिक्र करते हुए उन्होंने उम्मीद जताई कि यह समझौता कैरिबियाई देश के कई लोगों को अपने पूर्वजों की जड़ों को खोजने और भारत में अपने परिवारों से जुड़ने में मदद करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि त्रिनिदाद एवं टोबैगो में भारतीय उच्चायोग को ओसीआई के लिए बड़ी संख्या में आवेदन मिल रहे हैं, क्योंकि पीएम मोदी की यात्रा के दौरान ओसीआई पात्रता को छठी पीढ़ी तक बढ़ाया गया था। उन्होंने कहा, उच्चायोग को मिलने वाले ओसीआई आवेदनों की संख्या बढ़ रही है और हमारा प्रयास रहेगा कि उन लोगों की भी मदद की जाए जिनके पास जरूरी दस्तावेज नहीं हैं।

गिरमिटिया उन भारतीय श्रमिकों को कहा जाता है, जिन्हें 19वीं और 20वीं सदी की शुरुआत में ब्रिटिश शासन फिजी, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और कैरिबियाई देशों में ले गया था। जयशंकर ने ऐतिहासिक नेल्शन द्वीप पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि त्रिनिदाद और टोबैगो में पहले भारतीय गिरमिटिया मजदूरों को आए हुए 180 साल पूरे हो गए हैं। उन्होंने गिरमिटिया श्रमिकों के साहस और संघर्ष की सराहना करते हुए कहा कि कि उनकी मेहनत को हमेशा याद रखना चाहिए।

**गिरमिटिया उन भारतीय श्रमिकों को कहा जाता है, जिन्हें 19वीं और 20वीं सदी की शुरुआत में ब्रिटिश शासन फिजी, दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और कैरिबियाई देशों में ले गया था**


भारतीयों से मिले विदेश मंत्री

### तेल कंपनियों को 10 हफ्तों में 1 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान

पश्चिम एशिया में जारी तनाव की स्थिति के बीच वैश्विक ऊर्जा कीमतों में आई तेज बढ़ोतरी का भारत की सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन जैसी पब्लिक सेक्टर की पेट्रोलियम मार्केटिंग कंपनियां पिछले 10 हफ्ते से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी की बिक्री पुराने दामों पर कर रही हैं, जिससे उन्हें रोजाना 1600-1700 करोड़ रुपए का नुकसान (अंडर-रिकवरी) हो रहा है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि 10 हफ्तों में इन कंपनियों की कुल अंडर-रिकवरी 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुकी है। अंडर-रिकवरी का मतलब लागत से कम कीमत पर बिक्री से है।

### अध्ययन केंद्र बनाने की दिशा में काम कर रही भारत सरकार

उन्होंने कहा कि ये प्रवासी अपने साथ अपनी परंपराएं, आस्था और जीवन शैली लेकर आए थे और यह जरूरी है कि इस इतिहास को एक धरोहर के रूप में संरक्षित किया जाए। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गिरमिटिया समुदाय का एक विस्तृत डाटाबेस बनाने और उसकी विरासत पर शोध को बहुत अहमियत देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार पीएम मोदी के निर्देश पर एक विशेष गिरमिटिया अध्ययन केंद्र स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है।

# पश्चिमी नौसैनिक कमान की जिम्मेदारी वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन को मिली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना की पश्चिमी नौसैनिक कमान में एक महत्वपूर्ण नेतृत्व परिवर्तन किया गया है। इसके अंतर्गत वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन को पश्चिमी नौसैनिक कमान का नया फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ नियुक्त किया गया है। वाइस एडमिरल वात्स्यायन वर्तमान में उप नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। अब देश की सबसे रणनीतिक नौसैनिक कमानों में से एक की जिम्मेदारी संभालेंगे। गौरतलब है कि पश्चिमी नौसैनिक कमान का मुख्यालय मुंबई में स्थित है। इस नौसैनिक कमान को भारतीय नौसेना की 'स्ट्राइक फोर्स' माना जाता है। यह कमान अरब सागर क्षेत्र में भारत की समुद्री सुरक्षा, युद्धक तैयारी और रणनीतिक अभियानों की जिम्मेदारी निभाती है। पश्चिमी समुद्री सीमाओं की निगरानी और समुद्री हितों की रक्षा में इसकी भूमिका बेहद अहम मानी जाती है। वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन जनवरी 1988 में भारतीय नौसेना में शामिल हुए थे। वे गनरी और मिसाइल प्रणाली के विशेषज्ञ अधिकारी हैं। अपने लंबे सैन्य करियर में उन्होंने कई प्रमुख युद्धपोतों और नौसैनिक इकाइयों का नेतृत्व किया है।



### युद्ध प्रणाली में महारथ भी है

भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी 31 मई को सेवा से सेवानिवृत्त होंगे। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी के सेवानिवृत्त होने के उपरांत कृष्णा स्वामीनाथन यह पद संभालेंगे। वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने 31 जुलाई 2025 को पश्चिमी नौसेना कमान के 34वें फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का कार्यभार ग्रहण किया था। फ्लैग ऑफिसर कृष्णा स्वामीनाथन को 1987 को भारतीय नौसेना में कमीशन हुआ था। वह संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली के विशेषज्ञ हैं। यूके स्थित जॉइंट सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, श्रिवेनहम करंजा स्थित कॉलेज ऑफ नेवल वॉरफेयर तथा संयुक्त राज्य यूएस के रोड आइलैंड स्थित न्यूपोर्ट नेवल वॉर कॉलेज के पूर्व छात्र हैं।

**कई पदकों से हुए सम्मानित :** वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन पूर्वी बेड़े के कमांडर, पूर्वी नौसैनिक कमान के चीफ ऑफ स्टाफ तथा एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय में नीति, योजना और बल विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य किया। बीते वर्ष अगस्त 2025 में उन्होंने भारतीय नौसेना के 47वें उप नौसेना प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

### समूचे क्षेत्र में फैली दहशत, अफवाह भी चलीं

# पाकिस्तानः खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमला, 15 सुरक्षाकर्मियों की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस चौकी पर आत्मघाती हमले में 15 सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यह घटना बन्नू में देर रात हुई, जहां विस्फोटक से भरी एक गाड़ी पुलिस चौकी की ओर आ रही थी, तभी सुरक्षाकर्मियों ने उस पर गोलीबारी की, जिसके बाद उसमें विस्फोट हो गया। विस्फोट के प्रभाव से आसपास के



कई घरों की छतें गिर गईं। पुलिस चौकी की इमारत भी पूरी तरह से ध्वस्त हो गई और कई सुरक्षाकर्मी मलबे के नीचे दब गए। विस्फोट के बाद समूह ने पुलिस चौकी पर हमला कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप भारी गोलीबारी हुई।

#### सीएम ने की निंदा

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री मोहम्मद सोहेल अफरीदी ने हमले की निंदा करते हुए जानमाल के नुकसान पर दुःख व्यक्त किया। उनके कार्यालय ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को घायलों के लिए सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है उन्होंने पुलिस चौकी पर हुए हमले को दुःखद और कायरतापूर्ण कृत्य बताया और कहा कि ऐसे हमले पुलिस और जनता के मनोबल को कमजोर नहीं कर सकते।

### चटग्राम हत्या मामले में चल रहा ट्रायल

# बांग्लादेश हाईकोर्ट ने चिन्मय दास की जमानत खारिज की

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंदू संत ब्रह्मचारी चिन्मय कृष्ण दास को बड़ा झटका लगा है। देश के हाईकोर्ट ने रविवार को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि चटग्राम की निचली अदालत में 2024 के एक वकील की हत्या से जुड़े मामले की सुनवाई जारी है, इसलिए फिलहाल जमानत नहीं दी जा सकती। चिन्मय कृष्ण दास पर 2024 में देशद्रोह के आरोप भी लगे थे और उन्हें 25 नवंबर 2024 को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था। हाईकोर्ट की दो सदस्यीय पीठ न्यायमूर्ति केएम जाहिद सरवर और न्यायमूर्ति शेख अबू ताहेर ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि मामले में गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।



### गूगल के 20 वर्षः दिलचस्प खुलासा, सबसे ज्यादा अनुवाद हुआ थैंक्यू शब्द

# गूगल घास चरने के लिए बकरियां बुलाता है वजह- प्रदूषण नहीं होता और कर्मचारियों को उन्हे देखने से मिलता है सुकून

लैरी पेज और सर्गेई ब्रिन ने जब इस सर्च इंजन पर काम शुरू किया था तब कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गूगल ट्रांसलेट को 20 साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर कंपनी ने एक दिलचस्प खुलासा किया है। कंपनी ने बताया कि पिछले दो दशकों में प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा ट्रांसलेट किया गया शब्द कोई मुश्किल टर्म नहीं, बल्कि एक बेहद आम शब्द है। आखिर वो कौन सा शब्द है, जिसे दुनिया भर के लोगों ने सबसे ज्यादा अनुवाद किया? गूगल ट्रांसलेट ने अपनी 20वीं वर्षगांठ पर एक जबरदस्त जानकारी दी है। कंपनी ने बताया इन वर्षों में प्लेटफॉर्म पर लोगों ने कोई बहुत कठिन शब्द नहीं, बल्कि एक ऐसे वाक्य को ट्रांसलेट किया,


एआई इमेज

जिसका अर्थ बच्चा-बच्चा जानता होगा, उसका नाम है थैंक्यू. गूगल इंडिया ने सोशल मीडिया पर इस उपलब्धि को साझा करते हुए बताया कि कैसे एक साधारण सा शब्द भाषाओं और सीमाओं की दीवारें गिराकर लोगों को आपस में जोड़ रहा है। गूगल ट्रांसलेट की शुरुआत साल 2006 में हुई थी और आज यह दुनिया के सबसे लोकप्रिय ट्रांसलेशन प्लेटफॉर्म्स के लिस्ट में शामिल हो गया है। अब यह वेब, एंड्रॉयड और आईओएस पर सैकड़ों भाषाओं को सपोर्ट करता है। गूगल इंडिया ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पोस्ट करते हुए बताया कि पिछले 20 वर्षों में सबसे ज्यादा अनुवादित वाक्यांश थैंक्यू रहा।

कंपनी ने इसे लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव और सम्मान का प्रतीक बताया। बता दें कि शुरुआत में गूगल ट्रांसलेट स्टैटिस्टिकल मशीन ट्रांसलेशन पर काम करता था, लेकिन अब यह एआई-पावर्ड मॉडल्स का इस्तेमाल कर रहा है। माना जा रहा है कि इससे अनुवाद पहले से ज्यादा सटीक और प्राकृतिक हो गए हैं।

**पहले गूगल का नाम बैकरब रखा था, बाद में बदलकर गूगल किया**

#### सोशल मीडिया पर मजेदार रिएक्शन

गूगल की इस पोस्ट पर यूजर्स भी पीछे नहीं रहें। उन्होनें भी खूब मजेदार कमेंट्स किएं। कई यूजर्स ने अपनी मातृभाषा में थैंक्यू लिखकर शेयर किया, तो कई लोगों ने कहा कि यह शब्द दुनिया भर में इंसानी भावनाओं को जोड़ने का सबसे सरल तरीका है। क्या आप जानते हैं कि इसका असली नाम गूगोल रखा जाना था? गूगोल एक गणितीय शब्द है जिसका अर्थ है 1 के बाद 100 शून्य। लेकिन डोमेन रजिस्टर करते समय एक टाइपिंग एरर (स्पेलिंग की गलती) की वजह से यह गूगल हो गया और आज इसी नाम से दुनिया इसे जानती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28